# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

04 जून 2025
बुधवार




दो घरों में भीषण डकैती, अपराधियों ने करीब 25 लाख के जेवरात लूटे

5



# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक फोन आया और मोदी जी तुरंत सरेंडर हो गएः राहुल

- भोपाल दौरे पर पहुंचे कांग्रेस सांसद ने संगठन सृजन को लेकर पार्टी विधायकों व जिला अध्यक्षों के साथ की बैठक
- पाकिस्तान के साथ सीजफायर को लेकर पीएम मोदी के फैसले पर उठाए सवाल



**एजेंसी/भोपाल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के दौरे पर हैं। जहां, उन्होंने मंगलवार को संगठन सृजन को लेकर पार्टी विधायकों और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक की। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने पहलगाम हमले के बाद सेना के ऑपरेशन सिंदूर की ओर इशारा करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक फोन आया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तुरंत सरेंडर हो गए। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि इतिहास गवाह है, यही बीजेपी-आरएसएस का कैरेक्टर है। ये हमेशा झुकते हैं। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पावर से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं। इनकी आजादी के समय से सरेंडर वाली चिट्ठी लिखने की इनकी आदत है। एक सेकेंड में थोड़ा सा दबाव पड़ा नहीं ये सरेंडर हो गए, लेकिन कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है। गांधी जी, जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, ये सरेंडर वाले लोग नहीं है। ये सुपर पावर से लड़ने वाले लोग हैं।

## बीजेपी और आरएसएस वाले तुरंत डर कर भाग जाते हैं

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में बीजेपी और आरएसएस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और संविधान है और दूसरी ओर बीजेपी-आरएसएस जो इस संविधान को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की सभी संवैधानिक संस्थाएं बीजेपी और आरएसएस के नियंत्रण में जा चुकी हैं। सभी संस्थाओं में उन्होंने अपने लोग बैठा दिए हैं और धीरे-धीरे देश का गला घोंट रहे हैं। राहुल गांधी ने अपने भाषण में दो प्रमुख मुद्दों को कांग्रेस की प्राथमिक लड़ाई बताया। पहला, संविधान की रक्षा और दूसरा सामाजिक न्याय की बहाली। राहुल गांधी ने सत्ताधारी दल पर हमला बोलते हुए कहा कि मैं बीजेपी और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं। इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं।

## कांग्रेस में बैठे कई लोग कर रहे हैं भाजपा का काम

राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस विचारधारा के लीडर्स की कोई कमी नहीं है। यह भरा पड़ा हुआ है, इसी कमरे में बीजेपी को हराने का टैलेंट बैठा हुआ है। मगर आपके हाथ बंधे हुए हैं। बधे क्यों हैं क्योंकि आपकी आवाज कांग्रेस पार्टी के संगठन में नहीं सुनाई देती। लेकिन यही लोग कांग्रेस की विचारधारा के लिए लड़ने को तैयार हैं। हालांकि इनमें एक दो लोग उल्टे बयान देते हैं। कई ऐसे लोग हैं जो फ्रस्ट्रेशन में दे देते हैं, कई ऐसे लोग हैं जो बीजेपी का भी काम कर लेते हैं। हमें कहीं ना कहीं से तो शुरूआत करनी होगी तो वर्किंग कमेटी ने निर्णय लिया है कि शुरूआत जिला और डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट से होगी।

## अब एमपी, गुजरात और अन्य प्रदेशों में पार्टी को खड़ा करेंगे

राहुल गांधी ने कहा कि अब मध्य प्रदेश, गुजरात और अन्य प्रदेशों में पार्टी को खड़ा करेंगे। यहां अभी मध्य प्रदेश के जो जिला अध्यक्ष आए हैं। इनमें से कई ऐसे लोग होंगे जो पूरी शक्ति के साथ दिल के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए काम कर रहे होंगे और ऐसे भी लोग होंगे जो थोड़ा थक गए हैं या जिनका थोड़ा मूड ठीक नहीं है। जो ज्यादा टेंशन लिए हैं। राहुल ने कहा कि अब रेस के घोड़े और बारात के घोड़े को अलग तो करना ही पड़ेगा। पहले मैं कहता था दो टाइप के घोड़े हैं लेकिन अब कहता हूं एक तीसरा भी होता है लंगड़ा घोड़ा। तो यह हमें छांटना है लंगड़ा कौन है। बारात वाले को बारात में भेजना है। लंगड़े वाले को रिटायर करना है और रेस वाले को रेस में भेजना है।

राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में हमने नए डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट चुने। दिल्ली से आईसीसी से ऑब्जर्वर गए और गुजरात में नेताओं के साथ जिलों में गए और उन्होंने कार्यकताओं से बात की, लोगों से बात की, नेताओं से बात की फिर नाम चुनकर उन्होंने दिल्ली भेजा। राहुल ने कहा कि जो लोग मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट बनेंगे, वही इस पार्टी को भविष्य में मध्य प्रदेश में चलाएंगे। जो नया डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट बनेगा, वह पुराने डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट जैसा नहीं होगा। फर्क यह होगा कि नए डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट को हम ऑब्जेक्टिव तरीके से नापेंगे। जो डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट होगा उसकी आवाज पर ही लोकल लेवल पर एमएलए और एमपी का टिकट दिया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### शर्मिष्ठा को अंतरिम राहत देने से कोलकाता हाईकोर्ट का इनकार

**कोलकाता।** सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणियों के जरिए कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार पुणे की लॉ छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को कलकत्ता हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि बोलने की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएं। कोर्ट ने पांच जून को अगली सुनवाई में राज्य सरकार को केस डायरी पेश करने का निर्देश दिया। कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली ने ट्रायल कोर्ट की ओर पारित रिमांड आदेश के चुनौती देते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस पार्थ सारथी चटर्जी ने कहा कि ऐसा हमने सुना है कि वीडियो सोशल मीडिया पर बनाया गया था। हमारे पास बोलने की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएं। शर्मिष्ठा के वकील ने कहा कि उसकी गिरफ्तारी अवैध थी। क्योंकि एफआईआर में बताए गए सभी अपराध गैर संज्ञेय थे। उनको गिरफ्तारी से पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया। वकील ने दावा किया कि पनोली के परिवार ने भी पुलिस में शिकायत की थी कि वह खतरे में है और आपत्तिजनक पोस्ट को 7 मई की रात करने के बाद 8 मई को सोशल मीडिया से हटा दिया गया था।

## सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 47 एजेंडों पर लगी मुहर

# बिहार में 4858 पदों पर होगी बहाली, हवाई जहाज के ईंधन पर वैट की दर 25% घटाई

- बक्सर जिले में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के तहत स्कूल भवन निर्माण के लिए 5337.56 लाख रुपये की राशि की मंजूरी
- हवाई किराया सस्ता करने को लेकर की गई है बड़ी पहल

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बिहार कैबिनेट की बैठक में 47 एजेंडों पर मुहर लगी। पटना में हुई नीतीश कैबिनेट की बैठक में बक्सर जिले में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के तहत स्कूल भवन निर्माण के लिए 5337.56 लाख रुपये की राशि को मंजूरी दी गई है। वहीं कैबिनेट की बैठक में अलग-अलग विभागों में कुल 4858 से अधिक पदों पर बहाली का भी रास्ता साफ हो गया है। वहीं इसके साथ ही बिहार में विमानों की संख्या बढ़ाने और हवाई किराया सस्ता करने को लेकर भी बड़ी पहल की गयी है। दरअसल कैबिनेट की बैठक में बिहार में एटीएफ पर वैट दर को कम करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गयी है। बता दें, जहाज में ईंधन के रूप में इस्तेमाल होने वाले एटीएफ पर शुरू में वैट की दर 29 प्रतिशत थी, लेकिन, अब सरकार ने इसे घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है। इस फैसले से हवाई यातायात की संख्या में बढ़ोतरी होगी, यात्रियों को सहूलियत मिलेगी, पर्यटन में इजाफा होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा, किराये में भी कमी आएगी और लोगों को सस्ता हवाई सफर करने का मौका मिलेगा। राज्य में एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर लागू वेट की दर 29 प्रतिशत से घटकर प्रतिशत किया गया इससे हवाई यातायात की संख्या में वृद्धि होगी और टिकट की कीमत भी कम होगी। पटना के दूजरा में ड्राई डॉक, बनाया जाएगा, जहां जहाज की मरम्मत होगी।



## ग्रामीण विकास विभाग में संविदा पर 653 पदों पर सृजन को मंजूरी

कैबिनेट की बैठक में सासाराम में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के लिए 5613 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। कृषि विभाग में नए पदों का सृजन किया गया है। ग्रामीण विकास विभाग में संविदा के आधार पर कुल 653 पदों पर सृजन को मंजूरी दी गई है। पटना के नजदीक स्थित दानापुर, खगौल और फुलवारीशरीफ के विकास को लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर भी मुहर लगी है। शिक्षा विभाग में कुल 1503 पदों का सृजन किया गया है। इनमें सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के 935 पद और शिक्षा विकास पदाधिकारी के 568 पद शामिल हैं। इनमें बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड में विभिन्न कोटि के कुल 818 पदों तथा बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के लिए कुल 63 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। वहीं शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित सरकारी विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं कार्यालयों की भूमि का सत्यापन, भूमि के विवरण का संकलन एवं संरक्षण तथा विभाग के अन्य विकासात्मक गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए ससमय भूमि की उपलब्धता हेतु संविदा के आधार पर तीन वर्षों के लिए भू-सम्पदा पदाधिकारी के दो एवं सहायक भू-सम्पदा पदाधिकारी के 38 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। पुल मेंटिनेस पॉलिसी पर मुहर लगी है। सीएम नीतीश कुमार ने कृषि विभाग के अन्तर्गत बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-9 (सांख्यिकी) (भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त ) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई। बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड, पटना में प्रतिनियुक्ति संविदा के आधार पर कुल 653 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

## सीवरेज नेटवर्क परियोजना के लिए 1320 करोड़ की मंजूरी

सासाराम, औरंगाबाद और सीवान शहर में सीवरेज नेटवर्क परियोजना के लिए 1320 करोड़ की योजना को मंजूरी मिल गयी है। आरा, सीवान, सासाराम में जलापूर्ति योजना के लिए 328 करोड़ की योजना को स्वीकृति मिली है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के कपड़ों को जीविका दीदी तैयार करेंगी। बिहार के हर जिले में एक प्रायोजना क्षेत्र कार्यालय का गठन का भी फैसला लिया गया है। नीतीश कैबिनेट ने घरेलू हिंसा को रोकने और ऐसे मामलों में महिलाओं को संरक्षण देने के लिए महिला एवं बाल विकास निगम में 390 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी है। इनकी नियुक्ति निगम के मुख्यालय के अलावा जिला एवं अनुमंडल स्तर पर की जाएगी. वहीं बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड, पटना में संविदा के आधार पर 653 पदों का सृजन किया गया है, इन पर जल्द बहाली होगी। BPSC के अधीन आशु लिपिक के 15 पदों के सृजन की मंजूरी भी मिल गयी है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के विस्तार के लिए बिहार सचिवालय सेवा के अवर सचिव का एक पद, प्रशाखा पदाधिकारी के 22 पद और अन्य कुल 28 पदों के सृजन की भी कैबिनेट से स्वीकृति मिल गयी है।

**औषधि निरीक्षक बर्खास्त :** पटना के तत्कालीन औषधि निरीक्षक जितेन्द्र कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सेवा काल में भ्रष्टाचार से अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले तत्कालीन औषधि निरीक्षक जितेंद्र कुमार निलंबित थे।

# पूर्वोत्तर में बाढ़-भूस्खलन से भारी तबाही, अब तक 36 लोगों की मौत



**एजेंसी/गंगटोक**

नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में भारी बारिश, बाढ़ और लैंडस्लाइड से तबाही मची हुई है। पूर्वोत्तर में बाढ़-भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 36 पहुंच गई है। क्षेत्र के कई राज्यों में 5.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में बाढ़ और भूस्खलन के कारण असम में सबसे अधिक 11 लोगों की जान गई है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश में 10, मेघालय में छह, मिजोरम में पांच, सिक्किम में तीन और त्रिपुरा में एक व्यक्ति की मौत हुई है। एक आधिकारिक बुलेटिन में कहा गया है कि असम में 22 जिलों में बाढ़ से 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं जबकि 15 नदियां उफान पर हैं।

उत्तरी सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित छातेन से मंगलवार को 34 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि बचाए गए लोगों में घायल सैन्यकर्मी, उनके परिवार के सदस्य और क्षेत्र में मौजूद पर्यटक शामिल हैं। इससे पहले छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हुए छह सैनिकों की तलाश के लिए एनडीआरएफ के 23 कर्मियों का एक दल भेजा गया था।

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़-भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। कई इलाकों में भारी बारिश के कारण राज्य में सड़क, रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

## पीएम मोदी ने हरसंभव मदद की बात कही

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारी बारिश के बाद बाढ़ से जूझ रहे पूर्वोत्तर के राज्यों को हरसंभव मदद की पेशकश की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मोदी ने असम और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों, मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला से बात कर स्थिति का जायजा लिया। प्रधानमंत्री ने उन्हें हरसंभव मदद और समर्थन का आश्वासन दिया।

# सैन्य कर्मियों के परिवारों की निजता का ध्यान रखे मीडिया, एडवाइजरी जारी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों और उनके परिवारों की निजता को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को मीडिया को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि कहानियों या साक्षात्कारों के लिए सेवारत या सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों के घरों या परिवारों से तब तक मिलने से परहेज करें, जब कि आपको स्पष्ट रूप से आमंत्रित न किया गया हो या आधिकारिक चैनलों से अनुमति न मिली हो। एडवाइजरी में कहा गया है कि उनके घरों के पते, परिवार की तस्वीरों या ऐसी कोई भी जानकारी जो लोगों के लिए जरूरी नहीं है, उन्हें प्रकाशित और प्रसारित न करें। कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय मीडिया द्वारा सेना की गतिविधियों, उपलब्धियों और बलिदानों को दिखाने के प्रयासों की सराहना करता है।

# ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित कच्छ में बनेगा स्मारक

**एजेंसी/अहमदाबाद**

भारत सरकार ने पाकिस्तान में आतंकियों को समाप्त करने के लिए ऑपरेशन संदूर चलाया था, जो कि सफल रहा। अब गुजरात सरकार ने कच्छ में ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित एक स्मारक बनाने का प्लान तैयार किया है। इसको लेकर इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में अधिकारियों ने बताया कि यह पार्क सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान के साथ ही राष्ट्र द्वारा प्रदर्शित एकता को भी प्रतिबिंबित करेगा। कच्छ के कलेक्टर आनंद पटेल ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समाज, सेना, वायु सेना, बीएसएफ और अन्य बलों द्वारा प्रदर्शित एकता की याद में वन विभाग द्वारा सिंदूर वन एक स्मारक पार्क की योजना बनाई जा रही है।

ऑपरेशन सिंदूर के लिए बनने वाला सिंदूर वन भुज-मांडवी मार्ग पर मिर्जापुर में वन विभाग की आठ हेक्टेयर भूमि पर बनाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि स्मारक के करीब डेढ़ साल में बनकर तैयार होने की उम्मीद है। साथ ही उन्होंने बताया कि जमीन पर शुरूआती काम शुरू हो चुका है। 26 मई की जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को माधापार की महिलाओं ने सिंदूर का पौधा भेंट किया था, जिन्होंने 1971 के युद्ध के दौरान भुज एयर बेस रनवे को 72 घंटों के भीतर ठीक करने में मदद की थी। अपने संबोधन में मोदी ने कहा था कि वह इस पौधे को पीएम हाउस ले जाएंगे, जहां यह वटवृक्ष बन जाएगा। कच्छ सर्कल के मुख्य वन संरक्षक संदीप कुमार ने कहा स्मारक पार्क में आठ हेक्टेयर भूमि पर जड़ी-बूटियां, झाड़िया और पेड़ सहित उच्च घनत्व वाला पौधारोपण किया जाएगा।

## चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के पीछे के कारणों पर की बात

# भारत अब आतंकवाद व परमाणु ब्लैकमेल की छाया में नहीं रहेगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के पीछे के कारणों पर बात करते हुए कहा कि पहलगाम में जो हुआ, वह घोर क्रूरता थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोका जाए। उसे भारत को आतंकवादी गतिविधियों का बंधक नहीं बनाना चाहिए। भारत अब आतंकवाद और परमाणु ब्लैकमेल की छाया में नहीं रहने वाला। उन्होंने फिर दोहराया कि पेशेवर सैन्य बलों पर



असफलताओं और नुकसानों का कोई असर नहीं होता। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस संघर्ष का प्रारंभिक बिंदु पहलगाम आतंकी हमला था। क्या आतंकवाद युद्ध का एक तर्कसंगत तरीका है? मुझे नहीं लगता कि ऐसा है, क्योंकि आतंकवाद का कोई परिभाषित तर्क नहीं है। जहां तक हमारे विरोधी का सवाल है तो उसने भारत को हजारों घाव देकर खून बहाने का फैसला किया है। 1965 में जुल्फिकार अली भुट्टो ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए भारत के खिलाफ एक हजार साल के युद्ध की घोषणा की थी।

सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि 10 मई को रात करीब एक बजे उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य 48 घंटे में भारत को घुटने टेकने पर मजबूर करना था। कई हमले किए गए और उन्होंने इस संघर्ष को और बढ़ा दिया। हमने तो सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। ऑपरेशन जो उन्हें लगा कि 48 घंटे तक चलेगा, लगभग 8 घंटे में ही खत्म हो गया और फिर उन्होंने फोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं...' ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुए नुकसान के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'जब मुझसे हमारी ओर से हुए नुकसान के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं हैं। परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है।




## दुर्घटना में किशोरों की मौत पर मचा बवाल, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

# कोरानसराय में तेज रफ्तार टेलर ने बाइक सवार किशोरों को रौंदा, मौके पर हुई दोनों की मौत

♦ कोरानसराय चौगाईं मुख्य मार्ग पर नहर पुल के पास हुई घटना, बाइक में पेट्रोल भराने जा रहे थे दोनों

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय में एक भीषण हादसे में दो किशोरो की मौके पर ही मौत हो गई। मृतको में एक अपने घर का इकलौता चिराग था। घटना कोरानसराय चौगाईं मुख्य मार्ग पर स्थित नहर पुल के समीप मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे की है। घटना के विरोध में स्वजनों व ग्रामीणों ने कोरानसराय चौक को करीब एक घंटे तक जाम कर परिचालन ठप करा दिया था। हालांकि, कोरानसराय पुलिस के आश्वासन के बाद जाम हटवा परिचालन बहाल कराया गया।

मृतकों की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के बसगितिया गांव निवासी राजकुमार गोंड के इकलौते पुत्र अभय गोंड उर्फ फागू ( 16 वर्ष ) तथा मनोज गोंड के पुत्र विकास कुमार उर्फ सत्या ( 17 वर्ष ) शामिल है। दोनों एक ही परिवार के थे तथा बाइक में तेल डलवाने के लिए निकले थे कि हादसे का शिकार हो गए। घटना को अंजाम दे टेलर चालक फरार हो गया, जबकि भीड़ ने टेलर को घेर लिया, बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार अभय व विकास एक बाइक पर बैठक चौगाईं रोड स्थित पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने जा रहे थे। जैसे ही दोनों नहर पुल के समीप पहुंचे कि चौगाईं की तरफ से एक तेज रफ्तार टेलर आ रही थी। उक्त टेलर काफी तेज रफ्तार से नहर पर बनी पुल को पार करते हुए बाइक सवारों को रौंद दिया, जिससे घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तुरंत थानाध्यक्ष अमित कुमार मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में ले थाना लाए तथा दुर्घटना को अंजाम देने वाली टेलर को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। वहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने बांस बल्ला लगा कोरानसराय के प्रमुख चौक को जाम कर परिचालन ठप करा दिया। प्रमुख चौक के जाम होने से सड़क के चारों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। इस दौरान लोगों में बेलगाम परिचालन के प्रति गहरा आक्रोश था तथा लोग पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। करीब एक घंटा तक चौक पर ग्रामीण जाम लगाए रहे। मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बाद में पुलिस के समझाने तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकताओं की पहल पर ग्रामीण मुआवजे के आश्वासन पर जाम हटाने को राजी हुए। इसके बाद पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा।



### परिजनों को मिला पारिवारिक अनुदान का लाभ

कोरानसराय थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो किशोरों की मौत तथा विरोध में सड़क जाम की सूचना मिलते ही डुमरांव बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अपने कार्यालय के एक वरीय कर्मी दिनेश कुमार के हाथों तत्काल पारिवारिक अनुदान योजना के तहत 20-20 हजार रूपए का चेक भिजवाया। इसके अलावे पंचायत मुखिया द्वारा भी दोनों परिवारों को कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत तीन-तीन हजार रूपए दिए गए।



### स्वजनों के क्रंदन चित्कार से मचा कोहराम

घटना के बाद दोनों के परिजनों के बीच कोहराम मच गया था। एक तरफ अपने इकलौते पुत्र को खोने से अभय के पिता राजकुमार बदहवास हो गए तो दूसरी तरफ विकास की मौत से उसकी मां समेत घर की अन्य लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कोरानसराय थाना पर पहुंचे परिजनों के क्रंदन चित्कार से माहौल गमगीन हो गया था। महिलाओं तथा अन्य सदस्यों के बीच चित्कार मचा रहा। बाद में ग्रामीणों ने उन्हें जैसे तैसे समझाकर घर पहुंचाया।

**थानाध्यक्ष ने दिया आपदा प्रबंधन योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन:** वहीं, थानाध्यक्ष अमित कुमार ने दोनों मृतकों के स्वजनों को आपदा प्रबंधन योजना के तहत मिलने वाले पांच-पांच लाख रूपए के अनुदान योजना का लाभ शीघ्र दिलवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी कर इस योजना का लाभ पीड़ितो को दिलवाया जाएगा।

### पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया

“ चौगाईं मार्ग स्थित नहर पुलिया के पास टेलर के धक्के से दो किशोरो की मौत की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच दोनों शव को कब्जे में लिया गया। सड़क जाम करने वालों को समझाकर शांत कराया गया। दोनों पीड़ितो को तत्काल पारिवारिक अनुदान योजना का लाभ दिलाया गया है। उन्हें आपदा प्रबंधन से मिलने वाली राशि की अनुशंसा की जाएगी। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। फरार चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

– अमित कुमार, थानाध्यक्ष, कोरानसराय

# हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

♦ अभियुक्तों पर लगा एक-एक लाख रूपए का अर्थदंड




**केटी न्यूज/बक्सर**

हत्या के एक मामले में सजा सुनाते हुए मंगलवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश 2 की अदालत ने दो अभियुक्तों को कसूरवार मानते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों पर एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है तथा अर्थदंड नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह जेल में बिताना होगा।

मामला ब्रह्मपुर थाना कांड संख्या 196/21 से जुड़ा है। जिन अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है उनमें ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के जवही जगदीशपुर निवासी पूनम देवी पति जितेन्द्र पासवान व राकेश पासवान पिता मोहन पासवान शामिल है।

इस आशय की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि ब्रह्मपुर थाना कांड संख्या 196/21 के अभियुक्त व जवही जगदीशपुर निवासी राकेश पासवान एवं पूनम देवी को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने अभियुक्तों पर एक-एक लाख रुपए का अर्थ दंड भी लगाया है, जिसे नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त जेल में बिताने होंगे।

उन्होंने बताया कि यह घटना 15 अप्रैल 2021 को ब्रह्मपुर थाना के जवही जगदीशपुर गांव निवासी कपिल शाह अपने पुत्र सुभाष शाह के साथ खलिहान से साइकिल पर भूसा लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में पूनम देवी पति जितेंद्र पासवान एवं राकेश पासवान पिता मोहन पासवान व अन्य अभियुक्तों ने मिलकर पिता-पुत्र को घेरकर ताबड़तोड़ चाकू एवं ईंट पत्थर से हमला कर जख्मी कर दिया था, इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान सुभाष शाह की दानापुर में मृत्यु हो गई थी। मृतक के पिता कपिल शाह ने के बयान पर इस मामले में पूनम देवी व राकेश पासवान समेत अन्य अभियुक्तों के खिलाफ ब्रह्मपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था।

इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से चिकित्सा पदाधिकारी एवं जांच अधिकारी के अलावे कुल सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर भारतीय दंड विधान की धारा 302 के तहत दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा एक-एक लाख रूपए का अर्थदंड लगाया। अर्थ दंड नहीं देने पर दोनों को छह माह अतिरिक्त जेल में बिताने होंगे।

# ऐतिहासिक होगी आरा में लोजपा रामबिलास की नव संकल्प महासभाः हुलास पांडेय

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास द्वारा आहूत आगामी 8 जून को भोजपुर जिले के आरा रमना मैदान में नव संकल्प महासभा की तैयारी तेज हो गई है। इस महासभा को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक कार्यकताओं को इसमें शामिल कराने के लिए मंगलवार को लोजपा रामविलास के बिहार प्रदेश संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडेय ने ब्रह्मपुर प्रखंड के ब्रह्मपुर पश्चिम टोला, दुल्लहपुर, नैनीजोर ,गायघाट सहित दर्जनो जगह पर सभाएं की जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय ततवा ने किया।

अपने संबोधन में हुलास ने कहा कि 8 जून को आरा के रमना मैदान में पार्टी द्वारा नव संकल्प महासभा आहूत की गई है, जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह महासभा ऐतिहासिक होने जा रही है।



उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफल बनाने को लेकर पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकताओं द्वारा शाहाबाद के सभी जिलों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बिहार के विकास को लेकर हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान कृत संकल्पित है। बिहार का कैसे तेजी से विकास किया यह उनकी चिंता का विषय है। हुलास ने कहा कि चिराग के दिल में बिहार की आम जनमानस की चिंता रहती है, वे चाहते हैं कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति को कैसे मुख्य धारा से जोड़ा जाए। इसके लिए बिहार का सर्वांगीण विकास का रोड़ मैप पार्टी के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट में उन्होंने समाहित कर रखा है। जिसे बिहार के आम जननमानस में तेजी से स्वीकार्यता मिल रही है और यही हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बढ़ती हुई लोकप्रियता का प्रमाण है कि जहां जाते हैं लोगों का जन सैलाब उमड पड़ता है। मौके पर अविनाश ओझा, धर्मपाल पांडेय, राजकुमार वर्मा, सुजीत पाठक, विजय तिवारी, विनय त्रिपाठी, मंटू सिंह, ठाकुर भानुशंकर सिंह, गंगासागर यादव आदि उपस्थित थे।

# जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का कमीशन भी काफी कम है, सरकार को इस पर विचार करना चाहिएः पुनीत सिंह

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय खाद्य निगम परामर्शदात्री समिति के सदस्य सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत सिंह ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की समस्याओं से मुख्यमंत्री नीतीश को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।

उन्होंने सरकार को अवगत कराते हुए कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का कमीशन विगत पांच माह से लंबित पड़ा है, जिस कारण जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के परिवार के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।



उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रदेश के लाखों परिवारों का पेट भरने का भार जिनके कंधों पर है आज उनका ही परिवार भूखे सोने पर मजबूर है। यह सरकार के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। अन्य प्रदेशों के अपेक्षा बिहार में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का कमीशन भी काफी कम है सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। पुनीत सिंह ने मांग पत्र के माध्यम से सरकार से मांग करते हुए कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का लंबित कमीशन का भुगतान यथाशीघ्र करने तथा वर्तमान कमीशन जो 90 रूपए प्रति क्विंटल है उसे बढ़ाकर कम से कम 200 रूपए प्रति क्विंटल करने का सरकार से आग्रह किया।

## स्कूलों को गोद लेगा बक्सर रक्त अधिकोष

**बक्सर।** बक्सर में रोटरी रक्त अधिकोष स्थापित करने को लेकर एक स्कूल को गोद लेने व वहां साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित करने पर भी विचार किया गया। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. सीएम सिंह ने विश्वास जताया कि 2025 की टीम निश्चित रूप से उत्कृष्ट कार्य करेगी। कार्यकारी सचिव मीना सिंह ने हाल ही में घटित अहियापुर कांड की कड़ी निंदा की और डॉ. दिलशाद आलम को उनके सामाजिक कार्यों के लिए बधाई दी। इस अवसर पर रीजनल डायरेक्टर दीपक अग्रवाल, एडीजी सौरभ, प्रदीप जायसवाल ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की। क्लब के अध्यक्ष मनीष पांडेय ने कहा कि रोटरी क्लब अपनी ऊंचाइयों पर है और इसे और बेहतर बनाना हम सभी का लक्ष्य है। वहीं डॉ. दिलशाद आलम ने कहा कि यह क्लब असेंबली ऐतिहासिक है और रोटरी क्लब सामाजिक स्तर पर निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा. आने वाले समय में रोटरी जिला एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्य करेगी। इस मौके पर प्रेसिडेंट इलेक्ट निर्मल सिंह, आगामी ट्रेजर एवं तेजतर्रार रोटेरियन सतेन्द्र सिंह, मनोज सर्राफ, प्रभुनाथ प्रसाद, रवि निर्मल, अनिल जी, कृष्णनंद सिंह, राजेश केसरी, अनिल केसरी, राजकुमार सिंह, गोपाल केसरी, मनोज वर्मा, मंजेश केसरी, कुमार सागर, विवेक कुमार, निर्मल कुमार सिंह, चंदन गुप्ता, अरुण सिंह, मोहन केसरी, सुनील कुमार, अनिल जायसवाल व अन्य मौजूद रहे।

# डेढ़ माह पहले हुई थी शादी, नवविवाहिता ने फांसी लगा दी जान, पुलिस हुई हैरान

♦ औद्योगिक थाना क्षेत्र के चुरामनुपुर गांव की है घटना

**केटी न्यूज/बक्सर**

औद्योगिक थाना क्षेत्र के चुरामनपुर गांव में सोमवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक नवविवाहिता ने घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 22 वर्षीय नेहा देवी के रूप में हुई है, जिनकी शादी इसी वर्ष 20 अप्रैल को उमेश सिंह से हुई थी।

घटना शाम करीब 5 बजे की है। परिजनों के अनुसार नेहा का किसी से कोई विवाद नहीं था और वह सामान्य रूप से जीवन व्यतीत कर रही थी। सोमवार शाम जब उमेश सिंह काम से घर लौटे तो उन्होंने दरवाजा अंदर से बंद पाया। कई बार आवाज देने और प्रयास करने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो उन्होंने खिड़की से झांककर देखा।



भीतर नेहा फंदे से लटकी हुई दिखाई दी। इसके बाद उमेश ने अपने पिता धनपति सिंह और अन्य परिजनों की मदद से दरवाजा तोड़कर नेहा को नीचे उतारा। परिवार वालों का दावा है कि उस समय नेहा की सांसें चल रही थीं, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना से पूरे गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल है।

# शर्मिष्ठा को रिमांड पर लेने पर ममता का किया पुतला दहन

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर उत्थान मंच ने मंगलवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। पुतला दहन का यह कार्यक्रम शर्मिष्ठा पनोली को रिमांड पर भेजने के खिलाफ किया गया।

उत्थान मंच द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि शर्मिष्ठा के ऊपर वजाहत कादरी ने एफआईआर दर्ज कराया हैं। वजाहत कादरी पर पहले से ही हिन्दू देवी देवता का अपमान करने का केस दर्ज हैं, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं होती हैं। वहीं शर्मिष्ठा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटी की चुप्पी पर सवाल उठाए थे। शर्मिष्ठा को उस वीडियो के लिए गिरफ्तार कर लिया जाता है, जिसके लिए उसने माफी मांगी और फिर डिलीट भी कर दिया। ना कोई दंगा ना कोई तनाव हुआ। ममता बनर्जी की पुलिस कार्रवाई करने के नाम पर 1500 किलोमीटर चलकर गुरुग्राम पहुंच जाती हैं। वहीं कुछ दूरी पर ही हिन्दुओ का मुर्शिदाबाद में नरसंहार हो रहा था तब ममता की पुलिस नहीं पहुच पाई। ममता खुद देश के एक बहुसंख्यक समाज के आस्था से खिलवाड़ करते हुए महाकुंभ मृत्युकुंभ बोलती हैं। ऐसा लगता है कि ममता ने राजनीतिक पार्टी कि आड़ में बहुसंख्यक समाज के आस्था पर चोट करने का ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट खोल रखी है। कोई ना कोई आए दिन हमारे धर्म को गाली देता है या हमारे आराध्य ईश्वर को अपमानित करता है और कुछ लोग तो ऐसे भी है जो कॉमेडी के नाम पर हमारी आस्था और धर्म पर चोट करते है, तब तो कोई गिरफ्तारी नहीं होती है बल्कि इसके विपरीत एक समाज के लिए आइकॉन बने घूम रहे होते है। क्या इस देश में बोलने की आजादी सिर्फ देशद्रोहियों को है। इनकी न कोई गिरफ्तारी होती है और ना ही कोई माफी मांगता है। भारत के अंदर सरिया कानून नहीं चलेगा दो कानून नहीं चलेगा एक को माफी एक को सजा नहीं चलेगा। एक देश एक विधान होना चाहिए। बक्सर उत्थान मंच शर्मिष्ठा पनोली कि रिहाइ का मांग करती हैं। अगर इन्हें नहीं छोड़ती हैं पुलिस तो समय आने पर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।



## संगराव व मंगराव पंचायतों में कृषि चौपाल में किसानों को दी गई खरीफ खेती की जानकारी

# बक्सर जिले का सोनाचूर सर्वश्रेष्ठ, हर किसान कुछ हिस्सों में करें इसकी खेती: कृषि वैज्ञानिक

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के मंगराव पंचायत के संगराव पैक्स गोदाम व नागपुर गांव में आत्मा के तत्वावधान में किसान चौपाल आयोजित किया गया। इस किसान चौपाल में किसानों को खरीफ खेती के संबंध में कई अहम जानकारियां दी गई तथा किसानों को सरकार से मिलने वाले अनुदारों के बारे में बताया गया।

चौपाल में कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि जलवायु में हो रहे परिवर्तन एवं स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव से बचने के लिए जलवायु अनुकूल खेती करने की जरूरत है। इस बार सरकार ने बिहार के 38 जिलों में बक्सर जिले को सोनाचूर के लिए चयन किया है। कृषि विशेषज्ञों ने पाया कि बक्सर जिले का सोनाचूर बिहार सहित बाहर में भी अपनी एक अलग खुशबू से पहचान बनाता है। जिस पहचान को बरकरार रखने के लिए इस बार हर गांव में किसानों को सोनाचूर की खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



इस चौपाल के माध्यम से भी किसानों को बताया गया कि सभी किसान अपने किसी खेत के हिस्से में सोनाचूर की खेती जरूर करेंगे। आने वाले दिनों में इसकी खुशबू गांव से विदेश तक होगी। मोटे अनाज पर चर्चा कर कहा कि इस अनाज के खाने से शरीर भी स्वस्थ रहेगा। वहीं जलवायु परिवर्तन से हो रहे भूमिगत जल के दोहन को भी बचाया जा सकता है.सोनाचूर की खेती के लिए लक्ष्य के अनुरूप किसानों को अनुदानित दर पर बीज भी उपलब्ध कराया जाएगा। खरीफ फसल में धान की खेती करने वाले किसानों को खेती करने से पूर्व खेतों में पानी की मात्रा, खाद का छिड़काव एवं खरपतवार नियंत्रण पर भी जानकारी दी गई। खरपतवार नियंत्रण के लिए इन्होंने बताया कि रासायनिक दवा का छिड़काव के बदले वेस्ट डी कंपोजर का इस्तेमाल करें।

इस मौके पर एटीएम योगेश मिश्रा, कृषि समन्वयक संजय सिंह, पैक्स अध्यक्ष राजेश सिंह, किसान सलाहकार अनिता कुमारी, किसान रामाकांत यादव, तुफैल अंसारी, राधेश्याम सिंह, अभयनारायण पांडेय, अक्षयवरनाथ पांडेय, प्रेमचंद राम, जितेंद्र सिंह, शंकर सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723, SCHOOL No. 65720
Harnahi Road, Dumraon, Buxar - 802119
8210918840, 7319972175, 6393686958 www.cambridgeschooldumraon.com facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII
ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)
OUTSTANDING PERFORMANCE OF OUR STUDENTS IN AISSE (Std. X) & AISSCE (Std. XII) CBSE BOARD EXAMS 2025
SCHOOL TOPPER- STD. XII
SARTHAK RAJ MISHRA 92%
SUBJECT WISE HIGHEST MARKS IN STD. XII
Chemistry : 98 Biology : 91
English Core : 97 Physics : 91
Physical Education : 96 Business Studies : 86
Mathematics : 92 Economics : 83
TOPPERS- STD. X
1st KHUSHI KUMARI 95.2%
2nd ANSH RAJ SINGH 94.8%
2nd PRAGATI KUMARI 94.8%
2nd SHREYA RAJ 94.8%
3rd ANMOL RAJ VATS 94%
3rd MOHIT KUMAR SINGH 94%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
• Mathematics : 100 • Sanskrit : 100 • Social Science : 97
• Science : 100 • English : 95 • Hindi : 94
INFORMATION
The Information & Admission Cell at the JUNIOR WING,Dr. Jagnarayan Singh Hospital Campus, will remain open on all working days (Mon. - Sat.) from 9:00 am - 01:00 pm also during Summer Vacation.
LIMITED SEATS. HURRY UP!!!
REGISTRATION IS GOING ON FOR ADMISSION TO CLASS XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS) FOR THE ACADEMIC SESSION 2025-26. CLASSES WILL START FROM 23 JUNE, 2025.
SCHOLARSHIP SCHEME
CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII. OTHER CHARGES ARE PAYABLE FOR BOTH CLASSES.
INTEGRTION OF FOUNDATION CLASSES FOR NEET AND JEE MAINS IN CURRICULUM.
CHAIRMAN- MR. T.N. CHOUBEY

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चौसा एवं ब्रह्मपुर नगर पंचायत ने चलाया अभियान

♦ दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना, दी गई अंतिम चेतावनी

केटी न्यूज/बक्सर

मंगलवार को चौसा व ब्रह्मपुर नगर पंचायत द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दोनों नपं के पदाधिकारियों ने पुलिस के सहयोग से नगर पंचायत क्षेत्र में घुमकर दुकानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए छापेमारी की तथा जिन दुकानों पर यह प्लास्टिक पाया गया, उनसे जुमार्ना वसूला गया।

मिली जानकारी के अनुसार चौसा नगर पंचायत में चले अभियान का का नेतृत्व स्वच्छता पदाधिकारी मो. अरसद हैदर नकवी ने किया। इस दौरान चौसा यादव मोड़ और दुगार्मंदिर के पास छापेमारी की गई, जिसमें चार दुकानदारों से लगभग तीन किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गई पकड़े गए दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। नपं की इस कार्रवाई से छोटे-बड़े दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। कार्रवाई नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी सत्येन्द्र प्रसाद वर्मा के निर्देश पर की गई, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। वहीं, अभियान में



शामिल अधिकारियों व कर्मियों द्वारा दुकानदारों और नागरिकों से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें और इसके स्थान पर कपड़े या जूट के थैले जैसे पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाएं। अधिकारियों ने कहा कि प्लास्टिक पर अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में पुलिस पदाधिकारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्रीमन तिवारी, स्वच्छता साथी के अलावा कर्मी शामिल थे।

## 6.75 किग्रा सिंगल यूज प्लास्टिक बारामद, जुर्माना

**ब्रह्मपुर।** स्थानीय नगर पंचायत के द्वारा भी सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया गया। यह अभियान ईओ सत्येंद्र प्रसाद वर्मा की देखरेख में चलाया गया। नगर पंचायत ब्रह्मपुर के स्वच्छता पदाधिकारी अविनाश कुमार एवं कार्यालय के अन्य कर्मियों द्वारा बाजार में प्लास्टिक छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में विभिन्न दुकानों पर छापेमारी की गई, जिस दौरान एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त की गई। जिन दुकानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक मिला उनसे जुर्माना वसूला गया। इस दौरान कुल 16 दुकानदारों के यहां छापेमारी की गई। छापेमारी में 6.750 किग्रा प्लास्टिक जब्त किया गया तथा एक हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

यह कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम तथा उनसे होने वाले दुष्प्रभावों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के उदेश्य से किया जा रहा है। इस दौरान दोनों नगर पंचायत के ईओ द्वारा दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की चेतावनी दी और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को बता, दुकानदारों को प्लास्टिक के थैले का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया।

## एक नजर

### उमेश सिंह बने राजपुर राजद के प्रखंड अध्यक्ष



**राजपुर।** मंगलवार को राजपुर में राजद कार्यालय पर राजद कार्यकताओं की एक बैठक संपन्न हुई, जिसमें संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया। जिसकी अध्यक्षता चुनाव प्रभारी बृजबिहारी सिंह एवं संचालन सहायक प्रभारी डॉ गौरी शंकर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार उमेश कुमार सिंह को राजद का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यकताओं ने कहा कि इनके नेतृत्व में पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत होगी, जो आने वाले विधानसभा चुनाव में अपना दम खम दिखाएगी। अपने संबोधन में चुनाव प्रभारी बृजबिहारी ने कहा कि प्रखंड के संगठन को और मजबूत बनाना है, उन्होंने कहा कि उमेश सिंह को दुबारा प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने से राजपुर में संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में तेजस्वी के हाथों को मजबूत कर उन्हें मुख्यमंत्री बनाना है। बैठक में कार्यकताओं ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्प लेते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर इसका विस्तार करेंगे। बैठक में विधानसभा प्रभारी संतोष भारती, मुखिया अनिल सिंह, हिरामन कुमार, रामनाथ सिंह, सतेंद्र राजा, भरत राय, तेज नारायण पांडेय, राज किशोर सिंह, संजय यादव, विनोद राय, जयप्रकाश यादव, राजेंद्र सिंह, बबलू राय, लालजी राम, हृदय नारायण सिंह, रमाकांत सिंह, सुरेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, बंशीधर यादव व अन्य लोग मौजूद थे।

### बड़की भरौली में पंच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को ले ध्वजा के साथ किया गया नगर भ्रमण



**केसठ।** नवानगर प्रखंड के बड़की भरौली गांव में इन दिनों भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। गांव में 9 जून दिन सोमवार से 13 जून दिन शुक्रवार तक के लिए पंचदिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन होना है। जिसको लेकर समिति द्वारा तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसको लेकर मंगलवार को ग्रामीणों द्वारा एकत्रित होकर यज्ञ के निमित्त ध्वजा के साथ नगर भ्रमण किया गया। लोगों की जय जयकारे से पूरा वातावरण गूंजायमान रहा। बताते चले की पंचदिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ तांत्रिक विजय कुमार मिश्र के तत्वावधान में किया जा रहा है। जिसमें समस्त ग्रामीणों का सहयोग बढ़ चढ़कर है। यज्ञ में कई विभिन्न तीर्थ स्थलों से संत महात्माओं का आगमन होगा। मनोरंजन के लिए चरखी, झूला इत्यादि का भी प्रबंध रहेगा। तांत्रिक विजय कुमार मिश्रा ने बताया की इस यज्ञ के तहत 9 जून सोमवार को जल यात्रा, 10 जून मंगलवार को मंडप प्रवेश एवं अरणी मंथन कार्य तथा अंतिम दिन 13 जून शुक्रवार को यज्ञ पूणार्हुति एवं ब्राह्मणभोज कार्यक्रम होगा। इसके तहत 9 जून जल यात्रा के दिन से ही 13 जून तक आचार्या सुश्री किशोरी प्रज्ञा पांडे बक्सर अयोध्या धाम द्वारा शाम 6 बजे से 9 बजे रात्रि तक श्रद्धालु श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा।

## बुडको ने डुमरांव नगर परिषद ईओ से योजना पर काम करने के लिए मांगा डीपीआर

# स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना: बारिश के पानी की निकासी व जलजमाव से मिलेगी मुक्ति

♦ बोले ईओ... पूरे नप क्षेत्र का निरीक्षण का किया जाएगा स्थलों का चयन

केटी न्यूज/डुमरांव

नगर में जल जमाव की समस्या दशकों से चली आ रही है। इस समस्या को निजात दिलाने को लेकर कभी सही पहल नहीं की गई, जिससे दिन प्रतिदिन यह समस्या बढ़ती चली गई। डुमरांव शहर के भीतरी भाग हो या स्टेशन रोड, जल जमाव की समस्या बराबर बनी रहती है। स्टेशन रोड में इस समस्या ने विकराल रूप धारण कर चुकी है।

बरसात के दिनों में तो रोड कटिंग जब भर जाता है तब सड़क पर पानी जमा हो जाता है। इस समस्या से शीघ्र नगरवासियों को जल्द ही निजात मिलने के आसार दिखाई दे रहे हैं। बुडको के प्रबंध निदेशक ने नप ईओ से जलजमाव की समस्या के निजात के लिये स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना के तहत जलजमाव स्थलों को चिह्नित करते हुए डीपीआर मांगा है। बुडकों के प्रबंध निदेशक के आदेश के तहत नप ईओ मनीष कुमार ने जेई को सारी बातों से अवगत कराते हुए डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया है।

**डीपीआर उपलब्ध कराने की मांग की है:** बताते चलें कि नगर परिषद के बाहरी व भीतरी इलाकों में स्थित मोहल्लों व सड़कों पर जल जमाव की समस्या बराबर बनी रहती है। इससे निजात दिलाने के लिये ईओ मनीष कुमार नगर विकास एवं आवास विभाग को दिनांक 26 मई को स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेनेज के निदान को लेकर पत्र भेजा। उसी पत्र के आलोक में विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बुडको के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में अंतर्गत स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना का डीपीआर उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र मिलते ही बुडको के प्रबंध निदेश ने नप ईओ मनीष कुमार को पत्र लिखकर स्ट्रॉर्म ड्रेनेज योजना के तहत संबंधित क्षेत्र का डीपीआर उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। आदेश मिलते ही ईओ ने अपने जेई के माध्यम से सारे क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए जल जमाव वाले स्थल का चयनित करते हुए उसका डीपीआर तैयार करने के लिये कहा है।

**स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम से पहले उठाने होंगे ये आवश्यक कदमः** यदि डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के वार्डों के लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण होगा, तो इसके पहले नगर परिषद को निर्माण के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना आवश्यक है। इसके सर्वप्रथम नालों की नियमित सफाई से जलजमाव की समस्या को रोका जा सकता है। साथ ही, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण और रखरखाव के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बनाना होगा।



### क्या है स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम

स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम एक प्रकार की जल निकासी प्रणाली है, जो बारिश के पानी को जमा करने और उसे निकासी करने के लिए डिजाइन की गई है। इसका उद्देश्य शहर जलजमाव की समस्या को रोकना है, जिससे लोगों को परेशानी न हो। डुमरांव में प्रस्तावित स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण करने का उद्देश्य शहर को जलजमाव से मुक्त करना है। साथ ही, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम से नगरों की स्वच्छता में सुधार होता है और जलजनित बीमारियों का खतरा कम होता है। हालांकि, इस परियोजना के क्रियान्वयन में कुछ चुनौतियों का सामना भी पड़ सकता है, जैसे कि नालों की सफाई में बाधाएं और योजनाबद्ध तरीके से काम न होना।

## डीपीएम ने जीविकों दीदियों से किया संवाद

**बक्सर।** चौगाईं प्रखंड की बीडीओ संजीव कुमारी तथा डीपीएम जीविका चंदन कुमार सुमन, जीविका द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं के साथ संवाद किया गया। मौके पर सामाजिक विकास प्रबंधक, राजेश कुमार, बीपीएम जीविका संजीव कुमार भी मौजूद रहे। पंचायत खेवली, ग्राम आमसारी में आंचल जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

प्रखंड में 4 जून को महिला संवाद संपन्न होगा और 5 जून से केसठ प्रखंड में आरंभ होगा। मंगलवार को आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम सभी प्रखंडों में आईएसएसए प्रकार है। ब्रह्मपुर एकरासी, प्रगति ग्राम संगठन बराढ़ी, प्रगति ग्राम संगठन, डुमरांव कसियां, तारा वीयो कंझरूआ, महादेव वीयो, चक्की पवन वीओ, अरक महिला शक्ति वीओ, नवानगर कर्सर, जीवन ज्योति वीओ, सोनबरसा ज्योति वीओ, राजपुर हेठुआन, अंजलि वीयो, रसेंकलन शांति और अनमोल वीयो, हापुड़ शिवम वीओ, सिमरी मझवारी, दीपक वीओ, सिमरी कठार, नारी चेतना वीओ इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को 45 मिनट की फि ल्म की प्रदर्शनी जिसमें सरकार द्वारा चलायी जा रही महिला सशक्तिकरण की विस्तृत जानकारी है।

## एड्स जागरूकता कार्यक्रम में एमवी कॉलेज के छात्र-छात्राओं में दिखाया उत्साह



केटी न्यूज/बक्सर

शहर के महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय के मानस सभागार में बुधवार को एड्स जागरूकता अभियान के तहत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के तत्वावधान में एवं रेड रिबन क्लब के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रास बिहारी शर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में असीम कुमार झा और सत्यम कुमार उपस्थित थे। जिले के छह महाविद्यालयों के कुल 32 छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र में भाग लिया।

कार्यक्रम की खास बात रही क्विज प्रतियोगिता, जिसमें 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। एमसी कॉलेज की छात्रा रेखा कुमारी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, जबकि डीके कॉलेज की छात्रा रेखा कुमारी ने पांचवां स्थान हासिल किया। एमवी कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें प्रिया कुमारी ने प्रथम, रक्षा कुमारी ने द्वितीय और कल्पना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और ज्ञानवर्धक पुस्तकें प्रदान की गईं। इसके साथ ही एचआईवी/एड्स की रोकथाम, सावधानियां और रक्तदान के महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

## बकरीद व गंगा दशहरा पर्व नहीं होनी चाहिए यातायात व्यवस्था ध्वस्त: एसडीएम

♦ शांति समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की गई

केटी न्यूज/बक्सर

गंगा दशहरा एवं बकरीद पर्व को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन पूरी तरह से सख्त है। इस क्रम में बक्सर एसडीएम अविनाश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आगामी शांति समिति की बैठक आहूत की। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरज कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी यातायात संतोष कुमार, नगर परिषद के ईओ और स्थानीय अंचल अधिकारी ने हिस्सा लिया।

इस दौरान बकरीद के अवसर पर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए शांति समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की गई। बैठक में शहर में किए जाने वाले अतिक्रमण, यातायात व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण, इत्यादि पर तमाम दिशा निर्देश जारी किया गया। ई-रिक्शा संचालन के लिए रिंग रोड की व्यवस्था, खराब सड़कों का समतलीकरण, सब्जी मार्केट स्थानांतरण, मैरिज हॉल, बैंक इत्यादि के सामने बाइक अथवा फोर व्हीलर इत्यादि के कारण होने वाले जाम को हटाने के संबंध में संभावित उपायों पर चर्चा की गई।



वहीं, गंगा दशहरा के अवसर पर रामरेखा घाट बक्सर और वहां तक जाने वाले मार्गों पर यातायात प्रबंधन, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, गोताखोरों की नियुक्ति का निर्णय लिया गया तथा पर्याप्त संख्या में कार्यकताओं की नियुक्ति करने एवं साइनेज लगाने का आदेश कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को दिया गया। यह भी दिशा निर्देश जारी किया गया कि बकरीद के अवसर पर नगर के नालों की साफ सफाई अति आवश्यक है। सामाजिक सौहार्द बिगड़ने वाले और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश सभी थाना अध्यक्ष और अंचल अधिकारी को दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि बकरीद के दिन सुबह 6:00 बजे ट्रैफिक बंद कर दिया जाएगा।






## खरवार स्वाभिमान बचाओ सह हुंकार महासम्मेलन की तैयारी को लेकर तय हुई रणनीति






मां काली पंचम वर्षगांठ महोत्सव के आयोजन पर नगर में निकाला गया भव्य जुलूस

# श्रद्धा और उत्साह से ओतप्रोत हुआ नावानगर गांव

केटी न्यूज/नावानगर

स्थानीय गांव की मां काली पंचम वर्षगांठ महोत्सव के तहत चल रहे शतचंडी पाठात्मक यज्ञ के पांचवें दिन गणेश भगवान एवं नंदी महाराज की मूर्ति स्थापना के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। इससे पूर्व दोनों मूर्तियों का नगर भ्रमण कराया गया।

जुलूस के रूप में सजी-धजी मूर्तियां काली मंदिर परिसर से निकलकर नावानगर गांव का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान जुलूस में शामिल सैकड़ों श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते चल रहे थे, जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया था। गांव के लोगों ने मार्ग में जगह-जगह पूजा अर्चना कर भगवान गणेश और नंदी महाराज का स्वागत करते नजर आए। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत रोजाना धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। पूरा गांव श्रद्धा और उत्साह से भरा नजर आया। बता दें कि स्थानीय थाना परिसर में स्थित नंदी महाराज तथा गणेश भगवान की मूर्ति खंडित हो गई थी। इसे लेकर नए गणेश भगवान एवं नंदी की मूर्ति स्थापित करने को लेकर दोनों प्रतिमाओं को पूरे गांव भ्रमण कराया गया।मौके पर थानाध्यक्ष नंदू कुमार की पत्नी चंद्रावती देवी, श्यामसुंदरी देवी, राधा किशुन सिंह, मंगल सिंह, गीताजंली देवी, नीलम देवी, जय किशोर ठाकुर,बलिराम सिंह समेत अन्य श्रद्धालु शामिल हुए थे।




**जीव चाहे कितने भी विषयों का भोग कर ले पर उस वास्तविक तृप्ति नहीं मिल सकती:** अयोध्या के प्रवचनकर्ता आचार्य पं. नरेंद्र भारद्वाज जी महाराज ने इन्द्रियों का तर्पण विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संसार में जीव चाहे कितने भी विषयों का भोग कर ले पर उस वास्तविक तृप्ति नहीं मिल सकती। आत्मा तो अतृप्त ही रह जाती है। क्योंकि विषय तो स्वयं अपूर्ण है, इन्हें पाकर भला जीव पूर्ण कैसे हो सकता है। जीवन में परिपूर्णता तभी आयेगी जब हम परिपूर्ण से जुड़ेंगे और इस सम्पूर्ण ब्रह्मांड में यदि कोई पूर्ण है तो वह है केवल परमात्मा। उस परिपूर्ण प्रभु के पाद पद्मों को पाये बिना जीवन में परिपूर्णता का आनंद नहीं आ सकता। यह तभी होगा जब जीव अपने मन को जगदीश्वर में लगावे।




# औरंगाबाद में एक्सिस बैंक में लगी आग, 60 लाख का नुकसान

- बिजली के सामान-कंप्यूटर सिस्टम जले
- कर्मी ऑफिस बंद कर बाहर निकलने वाले थे तभी लगी आग



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद शहर के महाराजगंज रोड स्थित एक्सिस बैंक शाखा में मंगलवार को अचानक आग लग गई। इस दौरान कर्मी ऑफिस बंद कर बाहर निकलने वाले थे। आगलगी की घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। कर्मी ऑफिस से बाहर निकल गए। आग से 60 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है। आगजनी की घटना में बैंक के विद्युत उपकरण, कंप्यूटर सिस्टम, इंटीरियर, फर्नीचर, बेंच-डेस्क आदि जलकर खाक हो गए हैं। नुकसान का सटीक आकलन फिलहाल नहीं हो सका है। लेकिन 50 से 60 लाख के नुकसान होने की बात कही जा रही है। बैंककर्मी रोहित शर्मा ने बताया कि एसी से आग लगा है। आग धीरे-धीरे बढ़ता गया। बैंक से कैश निकालने के बाद आग लगी है।बैंक में मौजूद सभी कर्मी भाग खड़े हुए। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो-दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।बैंक कर्मियों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी की घटना हुई है। कैश निकाल कर भेज दिया गया था। इसलिए कैश नहीं जला है। फर्नीचर कागजात और अन्य सामान जल गया है। घटना के बाद घटनास्थल पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई।

**शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका :** शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात बताई जा रही है। कर्मियों ने बताया कि गर्मी के कारण इन दिनों बैंक में लगातार एसी चलाया जा रहा है। पहले एसी में ही शॉर्ट सर्किट हुई। अचानक एसी के पास से चिंगारी निकलते देख बैंक कर्मी बैंक से बाहर निकल गए। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बैंक से धुएं का गुब्बार निकलना शुरू हो गया।

**फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला हादसा :** फायर ब्रिगेड कर्मियों की तत्परता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन की टीम घटनास्थल पर पहुंची। आग बुझाने में जुट गई। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो अन्य घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे।भवन में एक्सिस बैंक संचालित है। उस भवन में अन्य कई व्यवसायिक प्रतिष्ठान है। भवन के अगल-बगल में भी कई बड़े प्रतिष्ठान है। बैंक से धुआं निकलते देख आसपास के लोगों की चिंता बढ़ने लगी थी।

# आरा में छड़ चोरी का विरोध करने पर बाप-बेटा समेत तीन की पिटाई

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के टाउन थाना क्षेत्र के मारुति नगर मोहल्ले में सरिया चोरी करने का विरोध करने पर बाप-बेटा समेत तीन लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद टाउन थाना गश्ती पुलिस द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर सरैया गांव निवासी विजय कुमार सिंह,उनके पुत्र मुकेश कुमार सिंह एवं बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव निवासी श्री भगवान का पुत्र व उनका दामाद राजेश कुमार शामिल है। इसमें राजेश कुमार वर्ष 2018 से मारुति नगर में ही अपना मकान बनाकर रहते है एवं वह रिटायर्ड आर्मी मैन है। जबकि विजय कुमार सिंह मारुती नगर में अपना मकान बना रहे हैं। इधर विजय कुमार सिंह ने बताया कि मारुति नगर मोहल्ले में वह जमीन लेकर मकान बना रहे हैं। जिसको लेकर उन्होंने गिट्टी और सरिया रखा हुआ है। सोमवार की देर शाम बिंद टोली के कुछ लोग नशे की हालत में आए और वहां रखे सरिया को उठाकर ले जाने लगे। तभी उनके बेटे मुकेश कुमार सिंह द्वारा उन लोगों को थप्पड़ जड़कर वहां से भगा दिया। मंगलवार की सुबह जब विजय सिंह वहां बैठे हुए थे। तभी उक्त लोग सैकड़ो की संख्या में वहां आए और कहने वालों की एक सरिया ले लेता तो तुम्हारा क्या हो जाता। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद उक्त लोगों द्वारा तीनों लोगो लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड से मारकर जख्मी कर दिया गया। सूचना पक्का टाउन थाना बस्ती टीम वहां पहुंची और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई।

## कारकाट थाना क्षेत्र के जमुआ टोला गांव में हुई घटना, लोगों में आक्रोश

# रोहतास में सेवानिवृत बीएमपी जवान की हत्या, खून से लथपथ मिला शव

- हत्या किसी धारदार हथियार से की गई है
- एसएफएल की टीम ने साक्ष्य किया एकत्रित



**केटी न्यूज/रोहतास**

रोहतास के काराकाट थाना क्षेत्र के जमुआ टोला गांव में एक सेवानिवृत्त बीएमपी जवान की धारदार हथियार से हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अंबिका पांडेय( 75 ) के रूप में हुई है। मंगलवार की दोपहर परिजनों ने खून से लथपथ उनका शव अरुण पाण्डेय के दालान से बरामद किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार उनके सिर पर कई जगह वार किया गया है। वहीं मामले की सूचना पाकर एसडीपीओ कुमार संजय और थानाध्यक्ष भगीरथ कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।

**धारदार हथियार से की गई हत्या :** एसडीपीओ ने बताया पांडेय बीएसएपी के हवलदार पद से सेवानिवृत्त होकर गांव में रहते थे। वे अक्सर उस दालान में आते-जाते रहते थे। उन्होंने बताया कि हत्या किसी धारदार हथियार से की गई है। प्रथम द्दष्टया प्रतीत हो रहा है कि घटना का अंजाम सोमवार की रात की गई है। एसएफएल की टीम वहां पहुंच कर साक्ष्य एकत्रित कर लिया है।

**खून से लथपथ पड़ा था शव :**

मृतक के नाती रामसुत पांडे ने बताया कि वे हमेशा उसी दालान में सोते और बैठते थे। मंगलवार को जब घर नहीं लौटने पर उन्हें खोजते हुए उस दालान में गया तो वहां उनका शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था।

फिलहाल पुलिस ने उसके बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जिसमें घर के मालिक अरुण पांडेय और उसके बेटे विवेक पांडेय को आरोपित बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी एक महीने पहले ही जमानत पर जेल से निकले है। फिलहाल दोनों आरोपित फरार हैं। एसडीपीओ बिक्रमगंज कुमार संजय ने बताया कि हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है । परिजन अरूण पांडेय और उसके पुत्र विकेश पांडेय द्वारा हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे है, अभी दोनों फरार है । इन लोगों के गिरफ्तारी के बाद हीं कुछ स्पष्ट हो पायेगा । उन्होंने बताया कि मृतक अक्सर यहां आते थे और पिता पुत्र से बातें करते थे। कभी-कभी तो रात में भी यहीं सो जाते थे। परिजनों के अनुसार सोमवार को सुबह 10 बजे घर से खाना खाकर निकले थे। जब दूसरे दिन सुबह तक वापस घर नहीं लौटे तो परिजन खोजबीन शुरू की। लोग हाते में आये तो देखा कि खून से लथपथ उनका शव पड़ा है । इस संबंध में पुलिस को सूचना दिए । पुलिस वहां पहुचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है । पुलिस मामले छानबीन कर रही है । वहीं दूसरी ओर परिजनों का कहना है कि उनलोगों की किसी से भी अदावत नहीं थी। सेवानिवृति के बाद अंबिका पांडेय गांव में ही रहकर खेतीबाड़ी काम देखते थे। हर किसी से उनकी गहरी दोस्ती थी।

# पीड़ितों को मिलेगा निष्पक्ष इंसाफ : एसडीएम प्रभात



**बिक्रमगंज।** एसडीएम प्रभात कुमार ने अपने नए कार्य के दायित्व को संभालते हुए मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने एवं उनके आवेदनों को प्राप्त कर लोक साक्षात्कार किया गया। दरबार में प्राप्त आवेदनों के अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को एसडीएम ने निर्देशित भी किया। एसडीओ प्रभात कुमार ने बताया कि राशन कार्ड समस्या, 3 डिसमिल जमीन समस्या के आलवे कुछ विवादित जमीनी मामलों से जुड़े फरियादियों ने अपनी समस्या को रखा। जिसका निपटारा अविलंब किया जायेगा। एसडीएम ने कर्मचारियों को भी हिदायतें देते हुए कहा कि वे जनता की समस्याओं को मौके पर ही हल करें।

# रमना मैदान में लोजपा की नव संकल्प महासभा होगी ऐतिहासिक : हुलास पांडे

**केटी न्यूज/आरा**



लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास द्वारा आहूत आगामी 8 जून को भोजपुर जिले के आरा रमना मैदान में नव संकल्प महासभा की तैयारी और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर मंगलवार को लोजपा रा के बिहार प्रदेश संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे ने ब्रह्मपुर प्रखंड के ब्रह्मपुर पश्चिम टोला, दुल्लहपुर, नैनीजोर ,गायघाट सहित दर्जनों जगह पर सभाएं की जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय तत्वा ने की। हुलास पांडे ने जनता को संबोधित करते हुए बोले कि 8 जून को आरा के रमना मैदान में पार्टी द्वारा नव संकल्प महासभा आहूत की गई है जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफल बनाने को लेकर पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकताओं द्वारा शाहाबाद के सभी जिलों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बिहार के विकास को लेकर हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान कृत संकल्पित है। बिहार कैसे द्रुत गति से विकास करें यह उनकी चिंता का विषय है। चिराग पासवान के दिल में बिहार की आम जनमानस की चिंता रहती है वे चाहते हैं कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति को कैसे मुख्य धारा से जोड़ा जाए इसके लिए बिहार का सर्वांगीण विकास का रोड़ मैप पार्टी के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट में उन्होंने समाहित कर रखा है जिसे आम जननमानस में तेजी से स्वीकार्यता मिल रही है और यही हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान की बढ़ती हुई लोकप्रियता का प्रमाण है कि जहां जाते हैं लोगों का जन सैलाब उमड पड़ता है। वहीं मौके पर अविनाश ओझा, धर्मपाल पांडे, राजकुमार वर्मा, सुजीत पाठक, विजय तिवारी विनय त्रिपाठी, मंटू सिंह, ठाकुर भानुशंकर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन से एक टिकट दलाल रंगेहाथों गिरफ्तार



**केटी न्यूज/डेहरी**

डेहरी ऑन सोन रेलवे ने गुप्त सूचना पर निरीक्षक प्रभारी डेहरी ऑन सोन रामविलास राम के निर्देश में अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन स्थित आरक्षण कार्यालय में तत्काल आरक्षण के समय प्रधान आरक्षी बृजभूषण मिश्रा, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन एवम निरीक्षक प्रभारी। सीआईबी गयाजी चंदन कुमार सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी आरक्षी दीपक कुमार ओझा सभी रेलवे सुरक्षा बल अपराध आसूचना शाखा गया के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी कर अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन स्थित आरक्षण कार्यालय से एक टिकट दलाल प्रिंस कुमार उम्र 22 वर्ष पिता अशोक राय ग्राम जोखारी थाना जम्होर जिला औरंगाबाद को रेलवे के अवैध टिकटों के कारोबार के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 8480 रुपए का तत्काल टिकट बरामद हुआ जिसे मौके की सभी कार्रवाई कर रेलवे सुरक्षा बल सुब पोस्ट डेहरी ऑन सोन लाकर उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्रवाई वास्ते माननीय रेलवे न्यायालय गया के समक्ष अग्रसारित किया जाएगा।

# संतोष पटेल बने भाजपा के जिला प्रवक्ता

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**



भाजपा जिला रोहतास के अध्यक्ष संतोष पटेल ने अपने जिला प्रवक्ताओं की सूची जारी की। उनमें ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष तथा रोहतास जिले के 20 सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह को जिला प्रवक्ता के रूप में चयन किया गया है, जो दल के अनेक दायित्व का निर्वहन श्रद्धा एवं निष्ठा पूर्व के कर चुके हैं। उनमें काराकाट लोक सभा के संयोजक, दिनारा विधानसभा के प्रभारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कई कार्यक्रम के प्रभारी इत्यादि। जिले तथा बिहार के प्रदेश पदाधिकारी ने इनके मनोनीत होने पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया। व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राजू गुप्ता ने इन्हें कर्मठ एवं होनहार कार्यकर्ता बताया। हम के जिला अध्यक्ष कमलेश पासवान ने अपने बधाई संदेश में इनके चयन को उचित बताया। तथा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में पेयजल व्यवस्था में लगे नवीन चंद्र शाह को कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए भी बधाई दी। संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक राकेश शर्मा ने कहा कि 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी सम्मिलित हुए थे। बधाई देने वालों में हम के कमलेश पासवान, प्यारेलाल ओझा, विशाल आनंद, सत्येंद्र सिंह, सुनीता गुप्ता, मंडल नागेश्वर कुशवाहा, नवनीत शाह, राकेश रंजन, अशोक पांडेय, पिंटू, अवधेश, बनारसी ठाकुर, रमाकांत सिंह, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, शंभू कुमार सिन्हा, शिवकुमारी देवी, कमला देवी, चंदन पासवान, नेमधारी पासवान अनेक लोग शामिल है। नवीन चंद्र साह ने चयन हेतु जिला अध्यक्ष एवं जिला कमेटी को हार्दिक रूप से बधाई दी।




## भूमि विवाद, शिक्षा, रोजगार, नली-गली, सड़क व आवास का मुद्दा रहा प्रमुख

# सांसद सुदामा प्रसाद ने जनसंवाद में जनता की सुनी समस्या, तत्काल किया समाधान

- सासंद ने 120 लोगों को गंभीर बीमारी में आर्थिक सहयोग के लिए किया अनुशंसा
- अभी तक 16 लोगों को 23 लाख रुपया का मिला सहयोग



**केटी न्यूज/आरा**

भाकपा माले जिला कार्यालय में आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने जनसंवाद में जनता की सुनी आवाज। भूमि विवाद, शिक्षा, रोजगार, नली - गली, सड़क और आवास का मुद्दा प्रमुख था। सांसद ने तत्काल अधिकारियों से बात के अधिकतर समस्याओं का हल किया। इस दौरान सुदामा प्रसाद ने कहा कि हमारी प्रथमिकता है कि जनता के सवलों के लिए संघर्ष किया जाए। हमारे पास क्षेत्र के विकास के लिए आम जनता का करोड़ों का योजना प्राप्त है। जिसे कराने के लिए दो सौ करोड़ से भी ज्यादा राशि की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का बजट कहां जा रहा है उनका कोई हिसाब नहीं हैं। नहीं तो ये नली - गली कब का बन कर तैयार हो जाता। उन्होंने ने कहा कि संघर्ष कर अभी योजनाओं को पूरा करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हमने अभी तक जिले के गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, किडनी फेल इत्यादि से ग्रसित 112 लोगों को आर्थिक सहयोग के लिए अनुसंशा किया है। जिसमें अभी तक 16 लोगों को 23 लाख का सहयोग मिल चुका है। जबकि 10 लोगों ने उचित दस्तावेज नही लगाया जिसके कारण पेंडिंग है तथा अन्य लोगों का प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि हमने 115 लोगों को देश के बड़े अस्पताल में उचित इलाज के लिए अनुशंसा किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जा रहा है कि जो भी जनता की समस्याएं है। उसका तत्काल समाधान किया जाए। अधिकारियों के पेंच में कोई कार्य नहीं फंसे। उसका समाधान हो।

# मुजफ्फरपुर रेप पीड़िता हत्याकांड में सरकार आयी एक्शन में

- एक अधिकारी को हटाया; दूसरे को किया सस्पेंड
- विपक्ष के भारी दवाब के बाद सरकार ने यह कार्रवाई की



**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर रेप पीड़िता लड़की की मौत मामले में सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में दोषी पाए गए पीएमसीएच के प्रभारी डीएस को सरकार ने पद से हटा दिया है तो वहीं मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच की डॉक्टर को सस्पेंड कर दिया है। विपक्ष के भारी दवाब के बाद सरकार ने यह कार्रवाई की है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि पिछले एक जून को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की हुई मृत्यु का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। प्रथम द्दष्टया यह पाया गया कि प्रभारी उपाधीक्षक, पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल द्वारा अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया, जो उनकी प्रशासनिक विफलता का परिचायक है। ऐसे में डा० अभिजीत सिंह, प्रभारी उपाधीक्षक, पीएमसीएच, पटना को तत्काल प्रभाव से प्रभारी उपाधीक्षक, पीएमसीएच, पटना के पद से मुक्त किया जाता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में तैनात डॉक्टर कुमारी विभा को सस्पेंड कर दिया है। विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि, 01 जून को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की हुई मृत्यु का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। प्रथम द्दष्टया यह पाया गया कि अधीक्षक, श्रीकृष्ण चिकित्सा कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर द्वारा रेफरल पॉलिसी का अनुपालन नहीं किया गया एवं अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया है। साथ ही पीड़िता के इलाज में घोर संवेदनहीनता बरती गई है। इन तथ्यों के आलोक में डा० कुमारी बिभा को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली-2005 के नियम-9 के संगत प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है। जांच प्रतिवेदन के आलोक में अलग से आरोप पत्र गठित करने की कार्रवाई की जायेगी। निलंबन अवधि में डॉ० कुमारी बिभा का मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

# मुजफ्फरपुर में दलित बच्ची की मौत के बाद परिजनों से मिलने पहुंचे तेजस्वी

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**



जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र की रहने वाली दलित नाबालिग बच्ची के साथ गांव के बहशी दरिंदे ने दुष्कर्म किया जिसकी इलाज में लापरवाही के दौरान पटना में मौत हो गयी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मृत बच्ची के परिजनों से मिलने मुजफ्फरपुर पहुंचे और घटना पर दुख जताते हुए नीतीश सरकार और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय पर जमकर हमला बोला। मुजफ्फरपुर से पटना आई 11 साल की रेप पीड़ित बच्ची की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई है। बच्ची शनिवार सुबह 11 बजे से करीब 9 घंटे तक अस्पताल के बाहर एम्बुलेंस में तड़पती रही। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर मुजफ्फरपुर पहुंचे जहां पीड़ित परिवार से मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला और इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे को भी नहीं छोड़ा। तेजस्वी ने कहा कि सिर्फ यह कहा जा रहा है कि जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है, जांच होने के बाद रिपोर्ट आएगी तो कार्रवाई होगी। आज तक सरकार बताएं कि कितने मामले में जांच कर कार्रवाई की गयी।

### मधुबनी के रहिका थाना क्षेत्र के अकशपुरा गांव में हुई घटना

# दो घरों में भीषण डकैती, अपराधियों ने करीब 25 लाख के जेवरात लूटे

- 10 से 15 की संख्या में आए हथियार बंद अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम
- विरोध करने पर गिरी स्वामी नामक व्यक्ति को गंभीर रूप से पीटा



**केटी न्यूज/मधुबनी**

मधुबनी जिले में आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। लूट, हत्या और डकैती की वारदातें आम होती जा रही हैं। ताजा मामला रहिका थाना क्षेत्र के अकशपुरा गांव से सामने आया है, जहां सोमवार की रात बेखौफ अपराधियों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए भीषण डकैती की वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगभग 10 से 15 की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने सबसे पहले गांव के निवासी दिनेश चौधरी और विशेश्वर चौधरी के घर पर धावा बोला। अपराधियों ने घर का कोना-कोना खंगाला और कुछ कीमती सामान न मिलने पर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की।इसके बाद डकैतों ने पास ही में स्थित दिनेश चौधरी के भाई नरेंद्र चौधरी के घर को निशाना बनाया। वहां रखे अलमीरा, पेटी और बक्सों को तोड़कर दो बेटों की शादी में मिले लाखों के आभूषण और नकदी लूट लिए।

परिजनों के अनुसार, लुटे गए सामान की कीमत लगभग 20 से 25 लाख रुपये आंकी गई है।ग्रामीणों ने बताया कि डकैत काफी देर तक घरों में इत्मीनान से लूटपाट करते रहे और विरोध करने पर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट भी की। विरोध करने पर गिरी स्वामी नामक व्यक्ति को गंभीर रूप से पीटा गया। घटना की सूचना मिलते ही रहिका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। परिजन शत्रुघ्न चौधरी ने बताया कि रात करीब 1 बजे अपराधियों ने धावा बोल कर घरों पर हमला किया। उन्होंने बताया कि अपराधी पहले दिनेश चौधरी के घर घुसे, उसके बाद नरेंद्र चौधरी के घर में लूटपाट की। गांव में डकैती की इस वारदात के बाद दहशत का माहौल है। ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर पुलिस की गश्ती व्यवस्था कहाँ है। आए दिन गोलीबारी, हत्या और लूट की घटनाओं से लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस सक्रिय होती तो इतनी बड़ी वारदात को रोका जा सकता था।

अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी जल्दी कार्रवाई करती है और अपराधियों को पकड़ पाती है या नहीं।ग्रामीणों ने बताया कि डकैत काफी देर तक घरों में इत्मीनान से लूटपाट करते रहे और विरोध करने पर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट भी की। विरोध करने पर गिरी स्वामी नामक व्यक्ति को गंभीर रूप से पीटा गया। क्या है मामला आइये जानते हैं।

## निगरानी ने राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा

**पटना।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्त शख्स पटना जिला के विक्रम अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी सोनू कुमार है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का कहना है कि राजस्व कर्मचारी सोनू कुमार को 20,000 रु० रिश्वत लेते रंगे हाथ आरटीएस भवन से गिरफ्तार किया गया है।दरअसल बिक्रम प्रखंड के अराप गांव निवासी रवि शंकर कुमार के अराप मौजा में 9 कट्ठा जमीन को लेकर पिछले 7 महीने से विवाद चल रहा था।




# मोतिहारी में ट्रक के तहखाने से एक क्विंटल 25 किग्रा मादक पदार्थ बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

- टीम ने एनएच-28 पर वाहन जांच अभियान चलाया, एक संदिग्ध ट्रक की जांच में गुप्त तहखाने से गांजा मिला



**केटी न्यूज/मोतिहारी**

मोतिहारी में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। जहां बंजरिया थाना क्षेत्र में एनएच-28 पर शंकर ढाबा के पास एक ट्रक से एक क्विंटल 25 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिला जानकारी के अनुसार सदर एएसपी शिवम धाकर को गुप्त सूचना मिली थी। मोतिहारी से सुगौली की ओर एक ट्रक में गांजे की खेप ले जाई जा रही थी। सूचना पर बंजरिया थानाध्यक्ष रमेश महतो के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने एनएच-28 पर वाहन जांच अभियान चलाया। एक संदिग्ध ट्रक की जांच में गुप्त तहखाने से गांजा मिला। ट्रक पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी।

**ट्रक पर लगा था फर्जी नंबर प्लेट :** बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए है। जब्त ट्रक और अन्य सामान की कीमत 15 लाख रुपए है। कुल बरामदगी की कीमत करीब 25 लाख रुपए आंकी गई है। पकड़े गए तस्करों की पहचान रूपलाल सहनी (40) और जिउत कुमार (24) के रूप में हुई है। दोनों बंजरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, गांजा नेपाल से ढाका होते हुए बंजरिया थाना क्षेत्र में लाया जा रहा था। पुलिस गिरफ्तार तस्करों के मोबाइल फोन से मुख्य तस्कर और नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। तस्करों के खिलाफ होगी कार्रवाई एएसपी शिवम धाकर ने बताया कि मोतिहारी पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इस नेटवर्क में शामिल किसी को भी नहीं छोड़ा जाएगा।

## गोपालगंज में 72 आईओ का एसपी ने रोका वेतन

**गोपालगंज।** गोपालगंज एसपी अवधेश दीक्षित ने पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। जिले में दर्ज आपराधिक मामलों के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 72 अनुसंधानकताओं का वेतन रोका गया है। मिली जानकारी के अनुसार, इन पुलिस अधिकारियों पर आरोप है कि इन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित मामलों का निष्पादन नहीं किया और अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई। साथ ही, वरीय पदाधिकारियों के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद इन्होंने कार्य में शिथिलता बरती। एसपी अवधेश दीक्षित ने यह स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता और लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




### गन्ना किसानों के लिए अलर्ट... स्मट रोग और टॉप बोरर से बचाव की एडवाइजरी जारी

# किसान अपनी फसल की साप्ताहिक निगरानी व समय रहते रोग, कीट नियंत्रण पर करें जोर : निदेशक

**केटी न्यूज/पटना**



गन्ना के फसल में कीड़े लगना आम बात है। इसी को देखते हुए गन्ना उद्योग विभाग ने राज्य के गन्ना किसानों को सतर्क करते हुए एक अहम एडवाइजरी जारी की है। वर्तमान समय में गन्ने की फसल पर कीट और रोगों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है,विशेषकर कलिका रोग (स्मट) और शीर्ष छिद्रक कीट(टॉप बोरर) के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**कलिका (स्मट) रोग से होता है फसल को भारी नुकसान :** यह रोग गन्ने का एक प्रमुख फफूंद जनित रोग है, जो मार्च के अंत से जून तक अधिक तापमान (32 से 38 डिग्री सेल्सियस) में तेजी से फैलता है। खासकर खराब प्रबंधन वाले खूंटी फसल क्षेत्रों में यह अधिक देखने को मिलता है। रोगग्रस्त पौधों की पत्तियां नुकीली और खजूर की तरह हो जाती हैं, जबकि फुनगी से काले चाबुकनुमा डंठल निकलते हैं जिनमें लाखों बीजाणु होते हैं। इससे ईख की गुणवत्ता, रस और चीनी की मात्रा में भारी गिरावट आती है।

**बचाव के लिए विभाग की राय :** संक्रमित गन्नों को प्लास्टिक बैग में जड़ समेत निकालकर नष्ट करें। ग्रसित पौधों को जड़ से निकालने के बाद गन्ना फसल को प्रोपिकोनाजोल नामक फफुंद नाशी दवा 1 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर 15-20 दिनों के अंतराल पर 2 बार छिड़काव करना चाहिए जिससे रोग की तीव्रता कम हो। ग्रसित पौधे वाले खेतों से अगले फसल के लिए बीज का चुनाव नहीं करना चाहिए। वैसे खेतों में फसल चक्र अपनाएं ताकि पोषिता के अभाव में कलिका रोग के बीजाणु नष्ट हो जाएं। ऐसे खेतों में कम से कम दो वर्षों तक गन्ने की खेती नहीं करने की सलाह दी जाती है। यह कीट गन्ने की पत्तियों की मध्य शिरा में छेद कर नुकसान करता है, जिससे पौधे की बढ़ावर रुक जाती है और बगल से टहनियां निकलने लगती हैं जिसे बंची टॉप कहते हैं। इसे रोकने के लिए मसाले वाली फसलों के साथ अंतरफसल करने से प्रकोप कम हो जाता है। कीटों की निगरानी और बड़े पैमाने पर कीटों को फंसाने के लिए फसल की छतरी से 15 सेमी ऊपर एक प्रकाश जाल लगाना चाहिए। स्मट रोग और शीर्ष छिद्रक जैसे खतरनाक रोग-कीटों पर नियंत्रण के लिए समुचित प्रबंधन बेहद जरूरी है। विभाग की ओर से जारी हुए एडवाइजरी में दिये गये उपायों को अपनाकर किसान न केवल अपनी फसल को सुरक्षित रख सकते हैं, बल्कि उपज, गुणवत्ता और आय में भी सुधार कर सकते हैं। ईख अनुसंधान संस्थान , डा. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के निदेशक के अनुसार, इस वर्ष पूरे बिहार में गन्ने की फसल पर कलिका रोग और शीर्ष छिद्रक (टॉप बोरर) कीट का गंभीर प्रकोप देखा जा रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### राजधानी एक्सप्रेस में जुड़ने लगे अतिरिक्त कोच, यात्रियों को मिलेगी राहत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा), एजेंसी।** गर्मी की छुट्टियों में लंबी वेटिंग लिस्ट का सामना कर रहे यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धनबाद-गोमो-कोडरमा-गया मार्ग पर चलने वाली वीवीआईपी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की शुरुआत कर दी है। इसके अलावा धनबाद से जम्मू, चंडीगढ़ और कोयंबटूर के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी प्रारंभ कर दिया गया है। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों में रविवार को सेकंड एसी का अतिरिक्त डिब्बा जोड़ा गया, जिससे यात्रियों को प्रतीक्षा सूची से बाहर आने का मौका मिला। सोमवार से भी यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। यह कदम विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए राहत बनकर आया है जो महीनों पहले टिकट बुक कराने के बावजूद वेटिंग में थे। तेजस राजधानी समेत कई महत्वपूर्ण राजधानी ट्रेनों में कोच जोड़े जाने से धनबाद, गोमो, कोडरमा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर चढ़ने-उतरने वाले यात्रियों को विशेष लाभ होगा। रेलवे की इस पहल से हावड़ा, नई दिल्ली व भुवनेश्वर की यात्रा करने वालों को सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे के इस फैसले से छात्रों, नौकरीपेशा और पर्यटकों के बीच खुशी की लहर है।

### चतरा में शादी समारोह में फायरिंग का मामला : गोली लगने से युवक की हुई थी मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

**चतरा, एजेंसी।** शादी समारोह में बारात में नाचने के दौरान हुए विवाद में हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई थी. मामले का चतरा जिले की प्रतापपुर पुलिस खुलासा कर दिया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. इसकी पुष्टि चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने की है. चतरा एसपी ने बताया कि घटना प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बरवा कोचवा गांव में हुई थी. जहां बिहार के गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के बरडीह गांव से आई बारात में शामिल लोगों के बीच विवाद में फायरिंग हुई थी. पुलिस के अनुसार, शादी समारोह में बारातियों और स्थानीय लोगों के बीच डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हुआ था. इसी दौरान फायरिंग की गई थी. जिसमें एक गोली अभिषेक कुमार की गर्दन में लग गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी. घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गई थी। चतरा के एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई की गई. सीडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया. इस दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुमित कुमार और विक्रम कुमार को गिरफ्तार कर लिया. दोनों आरोपी बिहार के इमामगंज थाना क्षेत्र के भारती गांव के निवासी हैं. गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है. पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 120 चलंत चिकित्सा दल 75 हजार आदिम जनजाति समुदायों तक पहुंचाएंगे स्वास्थ्य सुविधा

**रांची, एजेंसी।** राज्य में आदिम जनजाति बाहुल्य गांवों तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने नई योजना को विस्तार दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, झारखंड के विभिन्न जिलों में आदिम जनजाति समुदाय के करीब 75 हजार परिवार हैं। ये सभी सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में काफी विकट परिस्थिति में रहते हैं। ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों से संपर्क व्यवस्था दयनीय होने के कारण आवागमन में भी काफी परेशानी होती है। खासकर गंभीर बीमारी की स्थिति में या गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में ज्यादा तकलीफ होती है। इसे देखते हुए इन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने चलंत ग्राम क्लीनिक संचालित करने की योजना बनाई है। इसके लिए 120 चलंत चिकित्सा दलों का गठन किया जा चुका है। चलंत ग्राम क्लीनिक की स्थापना की लिए चिकित्सकों का जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा भ्रमण का रोस्टर तैयार कराया जाएगा। सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक ग्राम में अवस्थित चलंत ग्राम क्लीनिक में उस गांव के निवासियों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक चलंत ग्राम क्लीनिक में कम से कम 8 घंटे चिकित्सक के द्वारा सेवाएं सुनिश्चित की जाएगी।

# आज झारखंड बंद का ऐलान, इन मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतरेंगे आदिवासी संगठन



**रांची, एजेंसी।** आदिवासी संगठनों ने 4 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है। यह बंद आदिवासी बचाओं मोर्चा के बैनर तले बुलाया गया है। रांची के डोरंडा-सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद, आदिवासियों के धार्मिक स्थल मरांग बुरू, पारसनाथ हिल्स गिरिडीह, लुगु बुरू, मुधर हिल्स पिठोरिया, दिउरी दिरी तमाड़ और बेड़ो महदानी सरना स्थल को बचाने समेत कई मांगों को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने संयुक्त मोर्चा बनाकर झारखंड बंद का ऐलान किया है।

आज रांची में आदिवासी बचाओ मोर्चा की बैठक में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को आदिवासी और मूलवासी विरोधी करार दिया गया और इस सरकार को सत्ता से बेदखल करने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया गया। आदिवासी बचाओ मोर्चा के संयोजक प्रेमशाही मुंडा ने 04 जून के झारखंड बंद को सफल बनाने के लिए राज्य के सभी सामाजिक, धार्मिक और आदिवासी-स्वदेशी संगठनों से सहयोग की अपील की।

राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव ने कहा कि हमारे पूर्वज बाबा कार्तिक उरांव, डॉ राम दयाल मुंडा, कड़िया मुंडा आदि ने 1969 में रांची के केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली से ऐतिहासिक सरहुल शोभा यात्रा की शुरुआत की थी।

आज उन्हीं की देन है कि हमारा केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली पूरे विश्व में पूजा स्थल के रूप में जाना जाता है। आदिवासी संगठनों द्वारा सिरमटोली, सरना स्थल पर फ्लाईओवर के निर्माण का आदिवासी समाज लगातार विरोध कर रहा है, लेकिन अबुआ सरकार होने का दावा करने वाली हेमंत सरकार तानाशाही पर उतर आई है। हमने ऐतिहासिक रूप से रांची बंद किया, कई बार इस मुद्दे पर विधानसभा में आवाज उठाई गई, विरोध प्रदर्शन किए गए, लेकिन लोकप्रिय से तानाशाह बन चुकी सरकार राज्य के आदिवासियों के धार्मिक स्थलों के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम न तो रुकेंगे और न ही दमन के आगे झुकेंगे। जब तक इस आदिवासी विरोधी सरकार को सत्ता से बाहर नहीं कर दिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज मुद्दा सिर्फ सिरमटोली सरना स्थल के रैंप का नहीं है, बल्कि अलग राज्य बने 24 साल हो गए, बावजूद इसके सरकार मरांग बुरु, पारसनाथ पहाड़ गिरिडीह, लुगु बुरु, मुड़हर पहाड़ पिठोरिया, दिउरी दिरी तमाड़ और बेड़ो महादानी सरना स्थल जैसे आदिवासी धार्मिक स्थलों को बचाने के लिए कुछ नहीं कर रही है। सिर्फ धार्मिक स्थल ही नहीं, आदिवासियों के धार्मिक और पारंपरिक जमीन की लूट हमारे संवैधानिक अधिकार, पेसा कानून, आदिवासी धार्मिक न्यास बोर्ड, आदिवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए धर्म कोड, स्थानीय नियोजन नीति, लैंड बैंक रद्द करने की मांग, आदिवासी विश्वविद्यालय, भाषा-संस्कृति की सुरक्षा, खेल-कला, कांके नगड़ी में कृषि योग्य जमीन भी विकास के नाम पर छीनी जा रही है।

उन्होंने कहा कि हद तो यह हो गई है कि सरकार आदिवासी परामर्शदात्री समिति में बैठक कर ग्रामीण स्तर पर शराब बिक्री को बढ़ावा देकर सिर्फ आदिवासियों को ही नहीं, बल्कि झारखंड के लोगों को भी पूरी तरह से बर्बाद करने की योजना बना चुकी है। इन सभी जन मुद्दों को लेकर आदिवासी बचाओ मोर्चा समेत विभिन्न आदिवासी संगठनों के तत्वावधान में 04 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया गया है और यह बंद ऐतिहासिक होगा। सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक हर चौक-चौराहा और सड़क का हर इंच बंद रहेगा, चक्का जाम रहेगा।


### झारखंड में 9 पॉजिटिव, रांची में सबसे अधिक संक्रमित, मास्क पहनना हुआ अनिवार्य

**रांची, एजेंसी।** देशभर में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे है। इधर झारखंड में भी अब कोरोना पैर पसार रहा है। राज्य में अब तक कुल 9 कोरोना संक्रमित पाये गये है। इसमें सबसे अधिक पॉजिटिव मामले राजधानी रांची से सामने आये है। रांची में कुल 4 कोरोना संक्रमित है। हालांकि राज्य में तेजी से बढ़ रहे संक्रमण के बीच स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है।

राज्य में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के मामले के बीच राज्य स्तर से रैंडम टेस्टिंग और निगरानी शुरू कर दी गयी है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना भी अनिवार्य कर दिया गया है। झारखंड में कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की ओर से सभी जिलों के डीसी-सीएस के लिए निर्देश जारी किया गया है।

झारखंड में कोरोना के किस वेरिएंट से लोग संक्रमित हुए हैं, इसकी पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। हालांकि, रिम्स का जेनेटिक एंड जीनोमिक्स विभाग जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पूरी तरह तैयार है। सीक्वेंसिंग के लिए विभाग में एक भी संक्रमित का सैंपल नहीं पहुंचा है।

## श्रावणी मेले में सुरक्षा व्यवस्था के होंगे पुख्ता इंतजाम, 200 एआई कैमरे और 10 ड्रोन से की जायेगी निगरानी



**देवघर, एजेंसी।** देवघर में सावन के दौरान लगने वाले भव्य श्रावणी मेले को लेकर जिला प्रशासन और बाबा मंदिर प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, इस बार का मेला पूरी तरह से डिजिटल मोड में आयोजित होगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर हाइटेक व्यवस्था की जा रही है। पूरे मेला क्षेत्र में 200 एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कैमरे और 10 एआई ड्रोन की मदद से निगरानी रखी जायेगी।


इस संबंध में बाबा मंदिर प्रभारी सह एसडीएम रवि कुमार ने बताया कि एआई कैमरे पूरी तरह मूवेबल होंगे और जरूरत पड़ने पर खुद से एनाउंसमेंट भी करेंगे। ये कैमरे बाबा मंदिर के सभी मुख्य प्रवेश द्वारों के साथ-साथ प्रशासनिक भवन और मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर लगाये जा रहे हैं। इसके अलावा, एआई आधारित हेड काउंटिंग कैमरे भी लगाये जायेंगे, जो मेला क्षेत्र में भीड़ की सही संख्या की जानकारी देंगे। बताया गया कि पर्यटन विभाग के चैनल पर मेला क्षेत्र की संपूर्ण व्यवस्था को लाइव दिखाने की तैयारी है। ताकि देश-विदेश के श्रद्धालु ऑनलाइन बाबा के दर्शन कर सकें। वहीं, बाबा बैद्यनाथ धाम में भी व्यवस्थाएं तेजी से दुरुस्त की जा रही हैं। बिजली, पानी, स्पाइरल, अरघा, जनरेटर की सर्विसिंग, एंबुलेंस की उपलब्धता सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश दिये जा चुके हैं। बाबा मंदिर प्रशासक सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा मंगलवार यानी आज दोपहर तीन बजे मेला की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।इसे लेकर मंदिर प्रभारी ने बताया कि इस बार सुरक्षा और सुविधा दोनों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा मेला क्षेत्र में 500 हाईपावर कैमरे भी लगाये जाएंगे, जिससे किसी भी घटना या गतिविधि पर तत्काल नजर रखी जा सकेगी।

## सीता सोरेन ने अपने पीए पर लगाया चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों रुपये निकालने का आरोप, एफआईआर दर्ज

**दुमका, एजेंसी।** जिले के जामा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुकीं सीता सोरेन जो शिबू सोरेन की पुत्र वधू है, उन्होंने अपने निजी सहायक रह चुके देवाशीष मनोरंजन घोष पर चेक बुक में फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों रुपए निकासी करने का आरोप लगाया है. इस बाबत सीता सोरेन ने दुमका नगर थाने में एफआईआर दर्ज करायी है. गौरतलब है कि सीता सोरेन 2009 से 2024 तक लगातार जामा की एमएलए रही हैं. वर्ष 2024 के विधान सभा चुनाव में वह भाजपा के टिकट पर जामताड़ा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरी थीं।

### फर्जीवाड़ा कर खरीदी गाड़ी और सोने के जेवरात

भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने दुमका नगर थाना में आवेदन दिया है, उसके अनुसार 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जामताड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ा था. इस दौरान देवाशीष मनोरंजन घोष जो जगन्नाथपुर थाना, जिला - रांची , को उन्होंने अपने व्यक्तिगत सहायक के रूप में रखा था. देवाशीष मनोरंजन घोष सीता सोरेन का सारा कामकाज देखने लगा था. विधान सभा चुनाव का भी सारा हिसाब वही रख रहा था. चुनाव संपन्न होने के बाद जब सीता सोरेन ने मार्च 2025 में उससे हिसाब मांगा तो उसने कहा कि सारा हिसाब आपको दे देंगे. परंतु काफी दिनों तक उसने हिसाब नहीं दिया. इस पर सीता सोरेन को शंका हुई तब अपने स्तर पर उन्होंने इसकी जांच की तो पता चला कि चुनाव में जो रकम पार्टी द्वारा दिया गया था उसमें काफी घपला हुआ है. सीता सोरेन का कहना है कि जब हमने अपना चेकबुक मांगा तो उसने शुरू में आनाकानी की और बाद में जब चेक दिया तो उसने मेरा जाली हस्ताक्षर कर रखा था. पहले उसके अपने बैंक खाते में मामूली रकम थे पर चुनाव के दौरान उसके खाते में काफी रुपए का लेनदेन देखने को मिला. उसने पश्चिम बंगाल से एक गाड़ी भी खरीदी. साथ ही उसने सोने के जेवरात काफी मात्रा में खरीदे हैं. सीता सोरेन ने खुद अपनी जांच में पाया कि चुनाव में पार्टी द्वारा जो रकम दिया गया था, उसमें लाखों रुपए का घपला किया गया है।



### क्या कहती हैं सीता सोरेन

इस एफआईआर के संबंध में पूर्व विधायक सीता सोरेन ने कहा कि देवाशीष मनोरंजन घोष को हमने निजी सहायक के रूप में रखा था पर उसने विधानसभा चुनाव के दौरान रुपये की काफी गड़बड़ी की. यही वजह थी कि मेरा चुनाव का प्रबंध सही ढंग से नहीं हो पाया. उन्होंने कहा कि पुलिस उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई करें।

### क्या कहते हैं एसपी

इस पूरे मामले पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि सीता सोरेन के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है. इसका अनुसंधान किया जाएगा और उस अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खूंटी में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली, प्रदेश अध्यक्ष ने बीजेपी पर साधा निशाना



**खूंटी, एजेंसी।** जिले में सोमवार को कांग्रेसियों ने संविधान बचाओ रैली निकाली। रैली खूंटी के डाकबंगला से प्रारंभ होकर नेताजी चौक, मेन रोड, भगत सिंह चौक और खूंटी चाईबासा सड़क मार्ग होते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंची। इस दौरान कांग्रेसियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, जयपाल सिंह मुंडा और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रैली में कांग्रेसियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के नाम के नारे लगाए। रैली के दौरान कांग्रेस नेता नईमुद्दीन खान ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार संविधान के विरुद्ध कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विगत चुनाव में नारा दिया था चार सौ पार। चार सौ पार नारा देने का मतलब संविधान बदलना था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल में कांग्रेस फासिस्ट ताकतों से सावधान रहने की अपील करती थी। उन्होंने कहा भारत धर्म निरपेक्ष देश है। यहां सभी जाति धर्म के लोग निवास करते हैं, देश संविधान के अनुसार चलता है। खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि रैली के माध्यम से कांग्रेसियों ने संविधान बचाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने का फैसला लिया। इसी तरह कई असंवैधानिक कार्य करते रहे हैं।

**भाजपा संविधान निर्माताओं का अपमान करती है: प्रदेश अध्यक्ष :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने देश के संविधान को श्रेष्ठ और महानतम बताया। उन्होंने कहा कि संविधान में हमारी भाषा परंपरा को समेट कर रखा गया है। सभी धर्मों का सम्मान किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्र निकायों को भी अपने तरीके से केंद्र सरकार चलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। लेकिन भाजपा सरकार संविधान बदलने की बात कर संविधान निर्माताओं का अपमान कर रही है।

संविधान बचाओ रैली का नेतृत्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, जिला संगठन प्रभारी योगेंद्र साव, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, दयामनी बारला, महिला अध्यक्ष सुनीता गोप, सहकारिता जिला कांग्रेस के महासचिव नईमुद्दीन खान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता कार्यकर्त्ता शामिल थे।

## मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने वाली इन महिलाओं की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, डीसी तक पहुंची शिकायत



**कसमार, एजेंसी।** कसमार प्रखंड में अवैध तरीके से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना का लाभ ले रही अयोग्य महिलाओं की शिकायत बोकारो उपायुक्त तक पहुंच गई है।


कसमार प्रखंड के गररी निवासी व झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के केंद्रीय कमेटी सदस्य धनंजय जायसवाल ने बोकारो उपायुक्त को लिखित शिकायत करते हुए कसमार प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों में अवैध तरीके से अयोग्य महिलाओ द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने वाली लाभुकों पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने बोकारो उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि कसमार प्रखंड में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना मंईयां सम्मान योजना में काफी गड़बड़ी बरती गई है।

प्रखंड में सैकड़ों अयोग्य महिलाएं जो इस योजना की पात्रता नहीं रखती है, वैसी महिलाएं प्रखंड में मंईयां सम्मान योजना का लाभ उठा रही हैं। इसमे सबसे अधिक लाभ झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की महिला कर्मी उठा रही हैं।

इसके बाद स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग में काम करने वाली महिलाएं भी शामिल हैं। अभी तक कसमार प्रखंड प्रशासन द्वारा मात्र 305 अयोग्य महिलाओं को चिह्नित करके नाम हटाया गया है। जबकि प्रखंड के अलग-अलग पंचायत में अभी भी सैकड़ों की संख्या में अयोग्य महिला लाभुकों द्वारा इस योजना का लाभ ले रही है।

इसमें ऐसी महिलाएं भी शामिल है जो विभिन्न पदों में रहकर मंईयां सम्मान योजना की राशि उठा रही है। आंदोलनकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि फिलहाल जिन अयोग्य महिलाओं की शिकायत की गई है, उसमें जेएसएलपीएस के अधीन काम करने वाली जेंडर सीआरपी शीतल देवी, साजन देवी, लक्ष्मी देवी, प्रमिला देवी, संपा मुखर्जी, निर्मला देवी व आउटसोर्सिंग कर्मी संजू देवी शामिल है।

## विकसित झारखंड बनाने में आ रही बाधा पर खुद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दिखाया अधिकारियों को आईना !



**रांची, एजेंसी।** विकसित झारखंड बनाने को लेकर चल रहे सतत प्रयास पर योजना एवं विकास विभाग के द्वारा राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी,यूएनडीपी के प्रतिनिधि एंजला लुसिगी, नीति आयोग के सलाहकार सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के लक्ष्य को पूरा करने के प्रति झारखंड संकल्पित है। हालांकि वर्तमान डेटा अन्य राज्यों की तूलना में अच्छी नहीं है मगर हमारे पास अभी पांच वर्ष हैं जिसमें बेहतर कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अभी मल्टिपल पोर्टल काम कर रहे हैं। इसमें एक दूसरे को लिंक करने की आवश्यकता है, जिससे इसे मॉनटरिंग की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पाने के लिए ग्राम पंचायत को सशक्त करना होगा हालांकि झारखंड के लिए सुखद बात यह है कि देश में सर्वाधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि झारखंड में है। जिसकी सराहना पिछले दिनों हुई बैठक में वित्त आयोग ने भी किया है। इस अवसर पर योजना एवं विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि हमारा राज्य हरित प्रदेश हैं ऐसे में वन क्षेत्र बढ़ाने की आवश्यकता है और इसके माध्यम से विकास का मार्ग कैसे तलाशें इसपर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि विकसित झारखंड की संकल्पना बगैर गांव को विकसित किए नहीं हो सकता यही सोच हमारे मुख्यमंत्री की है और यही बातें पिछले दिनों प्रधानमंत्री की बैठक में सीएम ने कही है। 2047 तक विकसित झारखंड बनाने के लिए इस तरह का पहली पहल की गई है ताकि हम अपने लक्ष्य को पा सकें।

सस्टेनेबल करप्शन फ्री विकास की जरूरत- मंत्री राधाकृष्ण किशोर

विकसित झारखंड बनाने के लिए चल रहे सतत प्रयास पर चर्चा के बीच वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में अवैध कोयला ढुलाई पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि हमारी बातें कटु नहीं लगनी चाहिए मगर वास्तविकता यह है कि एक तरफ हम सस्टेनेबल की बात कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हमारे रिसोर्स की तस्करी हो रही है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर कोयले की तस्करी हो रही है तो हमारा रिसोर्स तो खत्म हो रहा है। इसी तरह बालू की तस्करी हो रही है जो हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इसमें नाराजगी की कोई बात नहीं है बल्कि जब कभी भी इस तरह की संगोष्ठी होती है तो यदि खुलकर बातें नहीं होगी तो कैसे राज्य का विकास होगा।


## रिम्स कॉटेज का किराया हुआ दोगुना, अब एक दिन के देने होंगे 500 रुपये, लेकिन सुविधाएं जस की तस



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में कॉटेज के प्रतिदिन का किराया 250 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है, लेकिन कॉटेज में मिलने वाली सुविधाएं जस की तस हैं। केवल कॉटेज में बाहर से रंगाई-पुताई की गयी है, पर आंतरिक व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। बाहरी दीवारों पर भी पीपल और कई तरह के पेड़-पौधे उग आये है। रंगाई-पुताई के दौरान भी इसे नहीं हटाया गया।

रिम्स में कुल 14 कॉटेज हैं। इसमें ग्राउंड फ्लोर में 7 और प्रथम तल्ला पर 7 कमरे हैं। दो कमरे 13 और 14 नंबर वीआइपी के रूप में पहले से चिह्नित हैं। फिलहाल प्रथम तल्ला के सात कमरे को इमरजेंसी वार्ड के रूप में उपयोग किया जा रहा है। ग्राउंड फ्लोर के 7 कमरों को पेइंग के रूप में आवंटित किया जा रहा है। कॉटेज में कई कमरों के किचन और बाथरूम की स्थिति भी ठीक नहीं है। ऐसे में इसको दुरुस्त कराने की जरूरत है।

रिम्स पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि कॉटेज के कुछ कमरों की स्थिति खराब है, जो संज्ञान में है। रिम्स के जीर्णोद्धार की योजना में कॉटेज भी है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के आदेश का इंतजार किया जा रहा है। हालांकि, दीवारों पर पौधों के उगने और उसकी कटाई करने की जिम्मेदारी सफाई कर्मी की है, जो अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। इसके लिए दोबारा आदेश दिया जायेगा।



# अपनी अनोखी बनावट के लिए प्रसिद्ध है मुंबई की यह बिल्डिंग

दुनियाभर में अपने आर्किटेक्चर को लेकर कई इमारतें प्रसिद्ध हैं, लेकिन भारत की बात करें तो मुंबई की एक इमारत अपने अनोखी बनावट के लिए बेहद लोकप्रिय है। मुंबई में जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिज़ाइन देखने में बहुत अलग है। यह इमारत आर्किटेक्चर का बेहतरीन नमूना है। 13 मंजिल की कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। यह इमारत बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इस इमारत को हांगकांग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। यह इमारत एन्वायरनमेंटल डिजाइन, शानदार कंट्रोल सिस्टम के साथ आइकॉनिक आर्किटेक्चर का दावा करती है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्क्वायर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस है। अपनी डिज़ाइनिंग के लिए ही नहीं ये बिल्डिंग डिजाइनिंग अपने फ्रैंडली एनवायरनमेंट के लिए भी प्रसिद्ध है।

# हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है इंग्लैंड का जुरासिक कोस्ट

इंग्लैंड के सबसे लोकप्रिय स्थलों में से एक है जुरासिक कोस्ट। हर साल यह दुनिया भर से लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है। जुरासिक तट को 2002 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था, जो अपनी उत्कृष्ट चट्टानों, जीवाश्मों और भू-आकृतियों के लिए पहचाना जाता है। यह एकमात्र ऐसा स्थान है जहां ट्राइएसिक, जुरासिक और क्रेटेशियस काल की चट्टानें एक ही जगह पर देखी जा सकती हैं, जो कि 185 मिलियन वर्षों का प्रतिनिधित्व करती हैं यहां रहने वाले विभिन्न प्राणियों के जीवाश्म अवशेषों को चट्टानों में संरक्षित किया गया है। जुरासिक तट दक्षिणी इंग्लैंड में 95 मील लंबा समुद्र तट है, जो डोर्सेट और डेवोन की काउंटी के भीतर स्थित है।






# जमीन के अंदर शहर चट्टानों में बने चर्च

## नजारा देखकर लगता है सपनों का संसार

**चाहे कुदरत के बनाए नजारे हों, फिर जमीन के अंदर इंसानों की बसाए शहर या चट्टानों में काटे गए चर्च. तुर्की के कप्पाडोसिया में आकर आपको लगेगा कि आप किसी सपने के संसार में आ गए हैं. हैरान करने वाले कुदरती नजारे का साथ ही यह इतिहास और रहस्यों से भरपूर है.**



अगर आप किसी ऐसी जगह जाना चाहते हैं जो एतिहासिक होने के साथ कुदरती खूबसूरती से भरी हो तो आपको को तुर्कीये के मध्य प्रांतो के उच्च पठार में मौजूद कप्पाडोसिया के बारे में जरूर सोचना चाहिए. एक तरफ यहां की मनमोहक चिमनियां और प्राचीन चट्टानों की संरचनाएं हैं, तो वहीं दूसरी सांस्कृतिक विरासत भरे ऐसे इलाके भी हैं जहां गुफा चट्टान काट कर बने चर्च और भूमिगत शहर भी हैं.

लाखों साल पहले सेंट्रल एनाटोलियन क्षेत्र में ज्वालामुखी विस्फोटों एक सिलसिला चला था. इसी के नतीजे में कैप्पाडोसिया फायरीज बनीं. यहां की मोटी राख जम कर टफ में और फिर उन खूबसूरत चिमनियों में बदल गई जिन्हें हम आज देखते हैं. लगभग 130 फीट ऊंचे ये टफ आने वाले कई सालों में आकार में बदल जाते हैं.

कप्पाडोसिया दुनिया में ईसाई धर्म के लिए सबसे अहम पूजा स्थलों में से एक है. 10वीं और 11वीं सदी के बीच, इस क्षेत्र में मठों और चट्टानों पर बहुत से चर्च बने. कई प्राचीन चर्च तो असाधारण आभूषणों से खूबसूरती से सजे हुए थे. यहां 600 से ज़्यादा चर्च हैं, और और भी खोजे जा सकते हैं. इनमें से कुछ चर्चों के खूबसूरत भित्तिचित्र लोगों को काफी हैरान करते हैं.

कप्पाडोसिया का सबसे बड़ा आकर्षण यहां से की जाने वाली हॉट एयर बैलून से की जाने वाली सैर है. यह यहां की सबसे लोकप्रिय गतिविधि है. यहां बाइकिंग और हाइकिंग के दौरान खूबसूरत नजारों का आनंद लिया जा सकता है. लेकिन कप्पाडोसिया हॉट एयर बैलूनिंग चमकदार प्राचीन नजारे देखने का सबसे अच्छा तरीका है.


कप्पाडोसिया के भूमिगत शहर इस क्षेत्र की यात्रा के दौरान न चूकने वाले अनूठे अनुभवों में से एक हैं. इनमें से कुछ भूमिगत बस्तियां संकरी सुरंगों के एक नेटवर्क से जुड़ी हुई हैं. इस क्षेत्र में लगभग 36 भूमिगत शहर हैं, कायमाली और डेरिनकुयू उनमें से सबसे लोकप्रिय और सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले शहर हैं.

ज्वालामुखी टफ की बदौलत, कप्पाडोसिया एक बड़ा अंगूर उत्पादक है और वाइन बनाने का एक लंबा इतिहास समेटे हुए है. इलाके की बाकी खूबियों के कारण टूरिस्ट भूल जाते हैं कि यह क्षेत्र अपनी वाइन के लिए भी जाना जाता है. यहां घूमने के लिए कुछ वाइनरी में कपाडोक्य, तुरासन, कोकाबाग और सेनल शामिल हैं. कुछ सबसे लोकप्रिय रेड और व्हाइट वाइन ब्रांड इस क्षेत्र से हैं, और पर्यटक वाइन-चखने वाली दुकानों में कुछ का नमूना ले सकते हैं.

कप्पाडोसिया अपने अविश्वसनीय ओपन-एयर संग्रहालय के लिए जाना जाता है, जो गोरेमे में मौजूद है. गोरेमे ओपन-एयर संग्रहालय इलाके में सबसे अधिक देखे जाने वाले और लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक है. क्षेत्र के अन्य रॉक साइट्स के अलावा, यह संग्रहालय तुर्कीये में पहला संग्रहालय था जिसे 1985 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया गया था.









# ट्रेन का हर नंबर कुछ कहता है

**ट्रेन के नंबरों को ध्यान से देखें, क्योंकि हर नंबर कुछ कहता है ट्रेन के नंबर बोलते हैं। जी हां, ट्रेन के डिब्बों (बोगी) पर आपने नंबर लिखे देखे होंगे, आपको नहीं लगता कि ये आपको कुछ इशारा करते हैं। कभी मन में आपके ये सवाल भी उठे होंगे, लेकिन हाथों हाथ जवाब नहीं मिला होगा। यहां हम आपको ट्रेन के डिब्बों पर लिखे नंबरों का महत्व बताएंगे।**

ट्रेन के डिब्बों पर लिखे नंबर आपको जानकारी ही नहीं देते बल्कि सुविधाजनक भी हैं। जैसे आपको बर्थ या सीट का नंबर टिकट पर लिखा मिलता है, जो आपको बताता है कि आप कहां बैठेंगे या लेटेंगे। ठीक वैसे ही डिब्बों पर लिखे इन अंकों में कई पहचान छिपी होती हैं। कहने का मतलब यह है कि पांच अंक के ये नंबर इतिहास बताते हैं।

### बोगी कितनी पुरानी है और कैटेगरी क्या है

किसी ट्रेन के डिब्बे पर लिखे नंबर की शुरुआत 04 या 99 है, तो आप समझ जाइये कि ये बोगी 2004 या 1999 में बनी है। आप जब स्टेशन पर कोई ट्रेन पकड़ने जाते हैं, तो बोगी पर लिखे नंबर पर आपका ध्यान जाता है, लेकिन आप पढ़कर भी नजर अंदाज कर देते हैं। अब आप नंबर पढ़ते ही पहचान जाएंगे कि ये नंबर आपसे क्या बोल रहे हैं। जैसे किसी ट्रेन के डिब्बे पर लिखे नंबर की शुरुआत 04 या 99 है, तो आप समझ जाइये कि ये बोगी 2004 या 1999 में बनी है। मतलब यह कि शुरुआती दो नंबर आपको बताते हैं कि बोगी कितनी पुरानी है। वहीं, इन दो नंबरों के बाद यदि 497 लिखा है, तो ये नंबर आपको बताते है कि ये जनरल बोगी या सामान्य डिब्बा है। रेलवे ने 497 कोड जनरल कैटेगरी के लिए तय किया हुआ है।

### और भी हैं कई कैटेगरी, नंबर जिन्हें देते हैं पहचान

ट्रेन में हर डिब्बे या बोगी की क्लास या कैटेगरी तय है। ट्रेन में हर डिब्बे या बोगी की क्लास या कैटेगरी तय है। आप इस कैटेगरी को नंबर के जरिए भी पहचान सकते हैं। बस आपको डिब्बे पर लिखी आखिरी तीन डिजिट ध्यान से देखनी होंगी। जैसे 001-025, ये नंबर बताते हैं कि ये फर्स्ट एसी के डिब्बे हैं। 026-050 ङ्क ये नंबर लिखे हों, तो समझ जाओ कि ये कंपोजिट फर्स्ट एसी या एसी-टूटी का डिब्बे हैं। 051-100 ये अंतिम तीन नंबर एसी-टूटी कोच को मिलते हैं। 101-150 ये नंबर बताते हैं कि ये डिब्बा एसी-थ्री को कैटिगराइज हैं। 151-200 यदि डिब्बे पर ये नंबर आखिरी में लिखे हों, तो पता चल जाता है कि ये डिब्बे सीसी या एसी चेयर कार के हैं। 201-400 नंबर सेकंड स्लीपर या एसएस कैटेगरी के कोच को दिए जाते हैं। कोच पर यदि ये 401-600 नंबर लिखे हों,तो इसका मतलब है कि ये जनरल सेकंड क्लास या जीएस के डिब्बे हैं। 601-700 अंतिम नंबर हों, तो ये डिब्बे सेकंड क्लास सिटिंग /जनशताब्दी चेयर कार यानी टूएस के कोच को दर्शाते हैं। 701-800 के नंबर के आखिरी तीन डिजिट हों, तो पता चलता है कि सिटिंग कम लगेज रेक्स हैं। यदि कोच पर 801 या इससे बड़े नंबर आखिरी तीन स्थान पर हों, तो पेंट्री कार, जेनरेटर और मेल के कोच की जानकारी देते हैं।

### डिब्बे के रंग भी क्या कहते हैं जानेंज

डिब्बों के नंबर ही नहीं उनके रंग भी कई जानकारी देते हैं। किसी डिब्बे का रंग हरा होता है, तो किसी का नीला और किसी का लाल। डिब्बों या कोच के ये रंग ट्रेन की क्लास को बताते हैं। ऐसा नहीं है कि रंग हर बार केवल क्लास ही बताते हैं। रंग ये भी बताते हैं कि ट्रेन किस फैक्ट्री में तैयार की गई है।




हाजीपुर स्थित कबीर मठ में स्थित एक ही कुएं में नौ प्रकार के स्वाद का पानी मिलता है। भारत के नक्शे पर छोटा सा दिखने वाला बिहार का हाजीपुर शहर एक कुएं के कारण देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी पहचान बना चुका है। हाजीपुर स्थित कबीर मठ में स्थित इस एक ही कुएं में नौ प्रकार के स्वाद का पानी मिलता है। जी हां, इस कुएं के हर छोर के पानी का स्वाद अलग है। यही कारण है कि गंगा और गंडक के संगम पर स्थित इस कुएं को नवग्रह कुआं कहा जाता है।

# एक ही कुएं में मिलता है नौ तरह का पानी

### प्रकृति का वरदान है नौ स्वाद वाले पानी का यह कुआं

भारत चमत्कारों, रहस्यों और अद्भुत धरोहरों का संगम है। कुछ चमत्कार हमारे पूर्वजों ने हमें आशीर्वाद स्वरूप दिए तो कुछ प्रकृति ने वरदान के रूप में भेंट किए। यही कारण है कि भारत की धरती पर कदम कदम को आपको कुछ अनोखा देखने को मिल जाएगा। ऐसा ही एक अजूबा है बिहार के हाजीपुर का एक छोटा सा कुआं। इस कुएं को प्रकृति का अनोखा वरदान कहा जा सकता है।

### इसलिए बेहद अनोखा है यह कुआं

हाजीपुर स्थित कबीर मठ में स्थित इस एक ही कुएं में नौ प्रकार के स्वाद का पानी मिलता है। भारत के नक्शे पर छोटा सा दिखने वाला बिहार का हाजीपुर शहर एक कुएं के कारण देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी पहचान बना चुका है। हाजीपुर स्थित कबीर मठ में स्थित इस एक ही कुएं में नौ प्रकार के स्वाद का पानी मिलता है। जी हां, इस कुएं के हर छोर के पानी का स्वाद अलग है। यही कारण है कि गंगा और गंडक के संगम पर स्थित इस कुएं को नवग्रह कुआं कहा जाता है। इस चमत्कारी कुएं को देखने के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण साल 1640 में किया गया था। तभी से ये लोगों की आस्था का केंद्र है।

### आज तक नहीं सुलझ पाया यह रहस्य

इस कुएं के चमत्कार यहीं खत्म नहीं होते हैं। इस कुएं और नदी के बीच की दूरी करीब 100 फीट है। इसके बाद भी कुएं का जलस्तर नदी के जलस्तर से हमेशा ऊंचा रहता है। इसके पीछे क्या कारण है, इसका रहस्य आजकल नहीं सुलझ पाया है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस कुएं पर कभी भी किसी प्राकृतिक आपदा का असर नहीं पड़ा है। 383 साल से यह कुंआ यहां शान से है। यहां प्रतिवर्ष विश्वप्रसिद्ध सोनपुर पशु मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले के दौरान लोग अपने ग्रहों की शांति के लिए इस कुएं की पूजा करना नहीं भूलते। कहते हैं यहां पूजा के बाद लोगों की परेशानियां दूर हो जाती हैं।

### शोधकर्ताओं ने खोज निकाला सच

कुएं के नौ अलग-अलग मुहाने के पानी में नौ प्रकार के मिनरल हैं। यही कारण है कि इसका स्वाद अलग-अलग है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कुआं नवग्रहों की गति को सुधार देता है। कोई भी दोष होता है, उसे दूर कर देता है। यही कारण है कि प्रतिदिन यहां लोग ग्रहों की शांति की पूजा करने आते हैं और कुएं के अलग अलग स्वाद के पानी का सेवन करते हैं। एक ही कुएं में इस तरह नौ स्वाद का पानी आना लोगों के लिए चमत्कार से कम नहीं है। यही कारण है कि देश विदेश के शोधकर्ता यहां इस रहस्य को सुलझाने आए। शोधकर्ताओं ने भी माना है कि इस कुएं का पानी नौ अलग अलग स्वाद का है। शोधकर्ताओं का तर्क है कि कुएं के नौ अलग-अलग मुहाने के पानी में नौ प्रकार के मिनरल हैं। यही कारण है कि इसका स्वाद अलग-अलग है। कारण कुछ भी हो लोग इस कुएं को ईश्वर के वरदान के रूप में ही देखते हैं। उनका मानना है कि हर ग्रह एक अलग स्वाद के पानी का प्रतिनिधित्व करता है।

# कच्चे तेल की कीमतें एक दिन में 4 फीसदी बढ़कर 65 डॉलर पार



## भारत में पेट्रोल खपत में 9 प्रतिशत उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्पादक समूह ओपेक और अन्य देशों द्वारा जुलाई में उत्पादन वृद्धि को पिछले दो महीनों के समान स्तर पर बनाए रखने के बाद सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें चार फीसदी बढ़कर 65 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। ब्रेंट क्रूड 2.28 डॉलर की तेजी के साथ 65.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 4.9 फीसदी बढ़कर 63.78 डॉलर पर पहुंच गया।

पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और उसके सहयोगियों (ओपेक प्लस) ने शनिवार को जुलाई में लगातार तीसरे महीने 4.11 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया था। मॉर्गन स्टेनली ने कहा, अक्तूबर तक हर महीने 4.11 लाख बीपीडी की वृद्धि होगी और कुल 22 लाख बीपीडी हो जाएगी। ओनिक्स कैपिटल ग्रुप के विश्लेषक हैरी चिलिंगुइरियन ने लिंक्डइन पर लिखा, आगे चलकर तेल की कीमतों में ज्यादा तेजी आ सकती है।

### पेट्रोल मांग लगातार दूसरे माह बढ़ी, 9 फीसदी तेजी

वैश्विक रिपोर्ट से इतर भारत में गर्मियों में यात्रा बढ़ने से पेट्रोल की खपत में लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई है। मई में पेट्रोल की खपत 8.77 फीसदी बढ़कर 37 लाख टन हो गई। एक साल पहले 34.6 लाख टन थी। डीजल की बिक्री दो फीसदी बढ़कर 85.7 लाख टन हो गई। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में डीजल खपत 4 फीसदी बढ़कर 82.3 लाख टन रही थी। पिछले कुछ महीनों में डीजल की मांग घटी है।

## डॉक्टरों को मुफ्त तोहफा देना जारी, अब दवा कंपनियों पर सख्ती की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने फार्मा कंपनियों की तरफ से डॉक्टरों को दी जो वाली मुफ्त सुविधाएं यानी उपहार दिए जाने को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए उनसे पिछले एक साल में मार्केटिंग पर किए गए खर्च का ब्यौरा मांगा है। सरकार के इस कदम से फार्मा उद्योग उलझन में पड़ गया है ।फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा मांगे गए डिटेल्स 31 जुलाई तक प्रस्तुत किए जाने हैं, ऐसा न करने पर दवा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**लागू होने जा रहा यूनिफॉर्म कोड–** केंद्र सरकार दवा कंपनियों की मार्केटिंग गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है, क्योंकि ऐसी खबरें आ रही हैं कि ये कंपनियां डॉक्टरों को कई तरह की मुफ्त सुविधाएं देना जारी रखे हुए हैं, जबकि अनैतिक मार्केटिंग प्रथाओं पर लगाम लगाने के लिए फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिस के लिए यूनिफॉर्म कोड लागू होने जा रहा है।



**समयसीमा अब 31 जुलाई–** सरकार द्वारा सभी फार्मास्युटिकल एसोसिएशनों को 29 मई को एक पत्र जारी कर तय समय–सीमा के भीतर अनुपालन पूरा करने के लिए कहा गया है। भारतीय औषधि निर्माता संघ के महासचिव दारा पटेल ने कहा, फार्मास्युटिकल विभाग ने यूनिफॉर्म कोड फॉर फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज (यूसीपीएमपी) 2024 के तहत मार्केटिंग खर्च की सेल्फ डिक्लेरेशन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। वित्त वर्ष 25 से संबंधित प्रस्तुतियां देने की समयसीमा अब 31 जुलाई है। स्व–घोषणा एक कानूनी वचन है, जिसे कंपनी मालिकों द्वारा सरकार को आश्वस्त करने के लिए दायर किया जाता है कि वे अपने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए किसी भी अनैतिक मार्केटिंग प्रथाओं में लिप्त नहीं हैं। पटेल ने कहा कि यूसीपीएमपी दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन से कंपनियों मार्केटिंग प्रैक्टिस में सतर्कता और पारदर्शिता की भावना पैदा हुई है, जो उद्योग के लिए अच्छा है। भारतीय फार्मास्युटिकल अलायंस के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, यह पहली बार है कि फार्मा कंपनियों द्वारा इतने बड़े पैमाने पर अनुपालन किया जा रहा है।

## आपके लोन की किस्त हो सकती है धड़ाम, आरबीआई कर सकता है जंबो रेट कट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया शुक्रवार को 50 बेसिस पॉइंट्स की जंबो रेट कट कर सकता है। ये बात एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, क्रेडिट साइकल को फिर से बहाल करने और अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए केंद्रीय बैंक रीपो रेट में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती कर सकता है। सेंट्रल बैंक ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रीपो रेट) में 25




बेसिस पॉइंट्स की कटौती की थी, जिससे ये दर 6 प्रतिशत हो गई है। आरबीआई की दरें तय करने वाली मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक 4 जून से शुरू होने जा रही है। एमपीसी शुक्रवार को बैठक में लिए गए निर्णय की घोषणा करेगी। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि हमें जून की पॉलिसी में 50 बेसिस पॉइंट की दर में कमी की उम्मीद है। वहीं, कई अर्थशास्त्रियों ने सोमवार को उम्मीद जताई है कि चूंकि महंगाई 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। ऐसे में आरबीआई ग्रोथ को पुश देने के लिए लगातार तीसरी बार 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर सकता है।

## 3 महीने में 89 प्रतिशत चढ़ा शेयर, 300 करोड़ का फंड जुटाएगी कंपनी, आशीष कचौलिया ने भी लगाया है पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कमजोर बाजार में भी जिन कंपनियों के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है उसमें से मैन इंडस्ट्रीज एक है। कंपनी के शेयरों का भाव कल 7.94 प्रतिशत की उछाल के बाद 405.35 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। मार्केट के बंद होने के समय पर कंपनी के शेयर बीएसई में यह स्टॉक 7.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 403.15 रुपये के लेवल पर था। आशीष कचौलिया के निवेश वाली कंपनी ने 300 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। यह पैसा कंपनी प्रीफरेंशियल वार्टेंस के जरिए जुटाएगी। आज यानी मंगलवार को कंपनी के शेयरों में नरमी देखने को मिली है। यह स्टॉक मंगलवार को 1 प्रतिशत से अधिक शुरुआती कारोबार में टूट गया।

**कंपनी में आशीष कचौलिया की हिस्सेदारी कितनी है–** दिग्गज निवेशक आशीष कचौलिया की इस कंपनी में कुल हिस्सेदारी 2.03 प्रतिशत है। वहीं, विकास विजयकुमार खेमानी के पास 2.44 प्रतिशत हिस्सा था। दोनों का मिलाकर कंपनी में 4.47 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। यह आंकड़ा 28 मई तक के शेयरहोल्डिंग के अनुसार है।

**इलेक्ट्रिक कार योजना**

## स्थानीय उत्पादन में निवेश के बदले घटाया गया आयात कर; विदेशी ईवी निर्माताओं को बड़ी राहत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार उन विदेशी वाहन निर्माता कंपनियों को आयात शुल्क (टैक्स) में राहत देगी, जो भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण में निवेश का वादा करेंगी। इसका मकसद देश में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना और वैश्विक कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित करना है। सरकार की नई ईवी नीति के मुताबिक, जो विदेशी वाहन निर्माता कंपनियां भारत में ईवी का संयंत्र लगाने के लिए कम से कम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी, उन्हें 8,000 ईवी सिर्फ 15 फीसदी टैक्स देकर भारत में मंगाने की इजाजत दी जाएगी। अभी इन वाहनों पर 70 से 100 फीसदी तक का टैक्स देना पड़ता है, लेकिन निवेश के बदले यह टैक्स घटाकर 15 फीसदी कर दिया गया है। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, कंपनियों को मंजूरी मिलने के तीन साल के भीतर भारत में अपने ईवी संयंत्र की शुरुआत करनी होगी। साथ ही उन्हें वाहनों के विनिर्माण में निश्चित मात्रा में स्थानीय सामग्री का भी उपयोग करना होगा। यह शर्त भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के तहत रखी गई है। सरकार ने सोमवार को इस योजना के नियम आधिकारिक रूप से जारी कर दिए हैं, जिससे अब इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनियां इसमें आवेदन कर सकेंगी। अधिकारियों के मुताबिक, आवेदन की प्रक्रिया अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो सकती है और यह कम से कम 120 दिनों तक खुली रहेगी। भारी उद्योग मंत्रालय ने पिछले साल 15 मार्च को यह योजना अधिसूचित की थी। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जो विदेशी कंपनियां भारत में 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी।

# सिर्फ 1.85 लाख से शुरू किया ये काम अब 31 करोड़ का टर्नओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रायपुर के मनीष मोहता लर्निंग स्पाइरल प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक हैं। यह एक एड-टेक कंपनी है। इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और एआई का इस्तेमाल करके यह असेसमेंट सॉल्यूशन प्रदान करती है। मनीष मोहता ने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में अपने अंतिम वर्ष के दौरान लर्निंग स्पाइरल को लॉन्च किया। साल 2000 में उन्होंने सिर्फ 1.85 लाख रुपये के मामूली निवेश और तीन दोस्तों की मदद से इसकी शुरुआत की थी। आज लर्निंग स्पाइरल का टर्नओवर करीब 31 करोड़ रुपये है। यह कंपनी भारतीय रेलवे, ओडिशा पुलिस और जामिया मिलिया इस्लामिया जैसे बड़े क्लाइंटों को अपनी सेवाएं दे रही है। लर्निंग स्पाइरल परीक्षाओं को आसान बनाने और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने का काम करती है। आइए, यहां मनीष मोहता की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**ऐसे आया आइडिया–** इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष में एग्जाम और प्रोजेक्ट के बीच संतुलन बनाना मुश्किल होता है। इसी दौरान रायपुर से ताल्लुक रखने वाले मनीष मोहता को एक आइडिया आया। उन्होंने लर्निंग स्पाइरल प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक एड-टेक कंपनी शुरू की। उनकी कंपनी परीक्षाओं को आसान बनाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करती है। यह कंपनी कॉलेजों और छात्रों को परीक्षा से जुड़े काम में मदद करती है। इनमें सॉफ्टवेयर बनाना, पेपर छापना और परीक्षा को सही तरीके से करवाना जैसे काम शामिल हैं।



**ग्राहकों की लंबी फेहरिस्त–** रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित लर्निंग स्पाइरल मोहता ग्रुप ऑफ कंपनीज के तहत एक सहायक कंपनी है। यह भारतीय रेलवे, ओडिशा पुलिस, जामिया मिलिया इस्लामिया और पश्चिम बंगाल स्कूल बोर्ड जैसे प्रतिष्ठित ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। लर्निंग स्पाइरल देशभर में एंड-टू-एंड परीक्षा सेवाएं उपलब्ध कराती है। इसमें सॉफ्टवेयर समाधान, प्रबंधित सेवाएं, आउटसोर्स बिजनेस प्रोसेस, सिक्योरिटी प्रिंटिंग, प्रॉक्टरिंग और सप्लाई जैसी सेवाएं शामिल हैं। यह न केवल शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को सेवा देती है, बल्कि रिक्रूटर्स, भर्ती निकायों और अन्य मूल्यांकन निकायों को भी सेवा प्रदान करती है। लर्निंग स्पाइरल का मकसद मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना है।

**आज करोड़ों का टर्नओवर–** मनीष मोहता ने इंजीनियरिंग के आखिरी साल में दोस्तों के साथ मिलकर जसि लर्निंग स्पाइरल को शुरू कयिा था, आज उसका टर्नओवर 31 करोड़ रुपये है। यह कंपनी परीक्षा से जुड़े कई काम करती है, जैसे सॉफ्टवेयर बनाना, पेपर छापना और परीक्षा को सही तरीके से करवाना। मनीष मोहता ने पाया कि जब वे परीक्षा दे रहे होते थे तो पढ़ाई नहीं हो पाती थी। सब लोग परीक्षा में व्यस्त रहते थे। दो सेमेस्टर होते थे और परीक्षा का समय बहुत लंबा होता था। लगभग पांच महीने सिर्फ परीक्षा में ही चले जाते थे। इस वजह से पढ़ाई के लिए समय कम मिलता था। वह इस समस्या को बदलना चाहते थे।

**शुरू में था परिवार को संदेह–** मनीष मोहता एक सफल बिजनेस परिवार से आते हैं। परिवार ने उनके स्टार्टअप का समर्थन किया। लेकिन, उन्हें इसकी सफलता पर थोड़ा संदेह था। परिवार को यह डर था कि क्या वह सही रास्ते पर हैं। शुरुआत में मनीष को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लोगों को नई तकनीक अपनाने में दिक्कत हो रही थी। लेकिन, जब लोगों ने देखा कि इससे फायदा हो रहा है तो उन्होंने इसे खुशी से अपना लिया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिया उनके पहले क्लाइंटों में थे। इन विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों ने भी उनकी काफी मदद की। मनीष अब अपनी कंपनी को दूसरे देशों में भी ले जाना चाहते हैं। वह अगले कुछ सालों में अपनी कंपनी को और आगे बढ़ाना चाहते हैं। वह हर साल 100 प्रतिशत विकास दर हासिल करना चाहते हैं।

## पावर कंपनी के आईपीओ की धमाकेदार लिस्टिंग, खुलते ही निवेशकों ने लूट लिए शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पावर सॉल्यूशन प्रोडक्ट्स निर्माता प्रोस्टारम इंफो सिस्टम्स का आईपीओ आज मंगलवार को शेयर बाजार में लिस्ट हो गया। कंपनी के शेयरों की बीएसई और एनएसई पर शानदार लिस्टिंग हुई। कंपनी के शेयर बीएसई पर अपने आईपीओ प्राइस 105 रुपये के मुकाबले 19.5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 125 रुपये पर लिस्ट हुए। वहीं, एनएसई पर यह शेयर 15 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 120 रुपये पर लिस्ट हुए। बता दें कि लिस्ट होने तुरंत बाद यह शेयर 4 प्रतिशत तक चढ़कर 130 रुपये पर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ मुनाफावसूली देखी गई।

**क्या है डिटेल–** पावर सॉल्यूशन कंपनी प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स लिमिटेड के आईपीओ को बोली के अंतिम दिन तक 97.20 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 168 करोड़ रुपये की।

## इरेडा के 53.8 करोड़ शेयर हुए 'फ्री', कंपनी के शेयर करीब 2 प्रतिशत टूटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इरेडा के शेयरों की कीमतों में आज फिर से गिरावट दर्ज किया गया है। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में करीब 2 प्रतिशत तक लुढ़क गया था। कंपनी के शेयरों में गिरावट की वजह 53.8 करोड़ शेयरों का लॉक इन पीरियड समाप्त होना है। जोकि कंपनी के 20 प्रतिशत हिस्सा के बराबर है। बता दें, यह शेयर अब ट्रेड किए जा सकते हैं। बीएसई में कंपनी का शेयर 176.40 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 176.40 रुपये के लेवल पर खुला था। कुछ देर के बाद यह स्टॉक 1.92 प्रतिशत की गिरावट के बाद 171.85 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था।

**2025 में कंपनी के शेयर कर रहे संघर्ष–** इस साल इरेडा के शेयरों में 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, इसके बाद भी इश्यू प्राइस से अबतक शेयरों में 5 गुना से अधिक की तेजी देखने को मिली है। इरेडा के आईपीओ का इश्यू प्राइस 32 रुपये प्रति शेयर था। एक वक्त पर कंपनी के शेयर का भाव 310 रुपये प्रति शेयर था।

**इरेडा की आर्थिक स्थिति कैसी–** 15 अप्रैल को इरेडा ने तिमाही नतीजों का ऐलान किया था। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि चौथी तिमाही में नेट प्रॉफिट 501.55 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 337.39 करोड़ रुपये रहा था। एक वित्त वर्ष पहले इसी तिमाही में इरेडा का नेट प्रॉफिट 337.39 करोड़ रुपये रहा था। बता दें, इरेडा का ऑपरेशन्स से रेवन्यू 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1905.06 करोड़ रुपये रहा था। इरेडा के एसेट मैनेजमेंट में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी का नेट इंटरेस्ट इनकम 57 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बता दें, इरेडा के शेयरों की कीमतों में 6 महीने के दौरान 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 9 प्रतिशत गिरा है।



**हमारे बीच अच्छे संबंध होंगे, वाणिज्य मंत्री का बयान**

# ट्रंप भारत का सम्मान करते हैं, तारीफ करते नहीं थकते

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा है कि भारत में जोश और महत्वाकांक्षा है। यही कारण है कि भारत की अर्थव्यवस्था हमेशा फलती-फूलती रहेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की गहरी प्रशंसा और सम्मान करते हैं। दोनों देशों के बीच एक दूसरे के साथ बेहतरीन संबंध बनने जा रहे हैं। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि भारत सबसे असाधारण अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा, एक असाधारण अर्थव्यवस्था बनाने की कुंजी लोगों का दृढ़ संकल्प है। आपके लोग व्यवसाय में होने के बारे में कितना चिंतित हैं वे कितने उद्यमी हैं वे अपने परिवारों के लिए बेहतर बनने के लिए कितना प्रयास करते हैं मैं भारत के बारे में जो जानता हूं, उसके हिसाब से भारत की मुख्य आबादी में वह प्रेरणा और महत्वाकांक्षा है। यही कारण है कि भारतीय अर्थव्यवस्था हमेशा बढ़ती रहेगी और फलती-फूलती रहेगी, क्योंकि इसमें वह आधार है। इसलिए आप भारत में ऐसे काम कर सकते हैं जो कई अन्य देश नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका पहले के बारे में सोचते हैं, लेकिन वे केवल अमेरिका या सिर्फ और सिर्फ अमेरिका के बारे में नहीं सोचते। ल्यूटनिक ने कहा, सबसे पहले उन्हें अपने देश का ख्याल रखना है, ताकि हम बड़े और मजबूत हों, लेकिन फिर वे अपने सहयोगियों का ख्याल रखेंगे। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि वे भारत का ख्याल रखें, जिसकी वे गहराई से प्रशंसा करते हैं और सम्मान करते हैं। हम एक साथ बहुत अच्छे संबंध बनाने जा रहे हैं।



### ट्रंप गोल्ड कार्ड

अमेरिका में चल रही वीजा और आव्रजन चर्चाओं को लेकर भारतीय प्रतिभाओं पर एक सवाल का जवाब देते हुए ल्यूटनिक ने कहा कि अमेरिका में भारतीय उद्यमियों की सफलता, भारतीय राष्ट्रीयता के व्यक्ति अमेरिका की कई महान कंपनियों का नेतृत्व और संचालन कर रहे हैं, क्योंकि वे शानदार उद्यमी, शानदार व्यवसायी, स्मार्ट, विचारशील, हर तरह से शिक्षित हैं। मुझे लगता है कि अमेरिका के लिए आव्रजन का सामान्य मार्ग बदल रहा है। ट्रंप कार्ड सामने आ रहा है। मुझे उम्मीद है कि ट्रंप कार्ड लोगों के लिए अमेरिका आने की क्षमता रखने के लिए वास्तव में एक बड़ा अवसर पैदा करेगा।

उनका इशारा ग्रीन कार्ड की तर्ज पर 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रंप गोल्ड कार्ड की ओर था, जो विदेशियों के लिए अमेरिका में रहने और काम करने की प्रक्रिया को तेज करेगा। ल्यूटनिक ने कहा कि उन्हें लगता है कि हम भारत में अविश्वसनीय रूप से सफल होने जा रहे हैं। इसलिए जब लोग मुझसे पूछते हैं कि आप भारत कब आ रहे हैं तो मैं कहता हूं, जब मैं ट्रंप कार्ड लॉन्च करूंगा, तो मैं आपसे वादा करता हूं कि मैं भारत आऊंगा।

उन्होंने कहा कि लोगों के लिए दो अर्थव्यवस्थाओं भारतीय और अमेरिकी का हिस्सा बनने का यह एक शानदार अवसर है। लोग अमेरिका आकर अमेरिका में भाग ले सकेंगे। आप ग्रीन कार्ड धारक की तरह बन सकते हैं, इसके बराबर यह ट्रंप गोल्ड कार्ड है। आप इसे इस तरह से कर सकते हैं और वैश्विक कर का भुगतान कर सकते हैं या आप सब कुछ वैसे ही रख सकते हैं, जैसे वह है और केवल अमेरिकी परिसंपत्तियों पर अमेरिकी कर का भुगतान कर सकते हैं। आप अपनी वैश्विक परिसंपत्तियों पर कुछ भी नहीं देते हैं और कोई विरासत कर नहीं देते हैं, और इस तरह की कोई भी चीज़ भी नहीं।

### भारत में विनिर्माण पर कही यह बात

इस सवाल के जवाब में कि क्या अमेरिका भारत में अधिक विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए और अधिक काम करेगा लुटनिक ने कहा कि अमेरिका उन्नत विनिर्माण को वापस अमेरिका में लाना चाहता है। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण औद्योगिक मंच है, जिससे घरेलू विनिर्माण को वापस लाया जा सके और अमेरिका में पुन:स्थापना की जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत से उत्पाद वर्ग हैं, जिनके उत्पादन के लिए हमें भारत से बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा कि एक व्यापार समझौता होगा, जिसमें कहा जाएगा कि कुछ प्रकार के उद्योगों का उत्पादन भारत के लिए बहुत अच्छा होगा। वास्तव में ऐसे बहुत से उद्योग हैं, जिन्हें हम वास्तव में भारत में लाना चाहेंगे। बात यह है कि आप एक ऐसा व्यापार सौदा बनाते हैं जो भारत को एक खास स्थिति में रखता है, क्योंकि इसका अमेरिका और कुछ उद्योगों के साथ एक विशेष संबंध होगा। इसका दुनिया के अधिकांश अन्य देशों की तुलना में बेहतर टैरिफ संबंध होगा। जिसका अर्थ है कि भारत उन प्रकार के उत्पादों का लाभार्थी होगा।

# 5 जुलाई को होगा नीरज चोपड़ा क्लासिक इवेंट

## दुनिया के 12 बड़े खिलाड़ी फेंकेंगे भाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब 5 जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी. आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की. भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने इस इवेंट को स्थगित कर दिया गया था. भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी. इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है. इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है. श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे. इनमें दुनिया के 7 सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी और चोपड़ा सहित 5 भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं. चोपड़ा के अलावा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर), जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर (93.90 मीटर), केन्या के 2015 के विश्व चैम्पियन जूलियस येगो (92.72 मीटर), अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (87.76 मीटर), जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन (84.28 मीटर), श्रीलंका के रुमेश पथिरेज (85.45 मीटर) और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा (86.34 मीटर) शामिल हैं. विश्व एथलेटिक्स से श्रेणी ए का दर्जा प्राप्त इस प्रतियोगिता का आयोजन पहले पंचकूला में होना था, लेकिन सीधे प्रसारण के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण इसकी मेजबानी बेंगलुरु को सौंपी गई.

आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी. इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं. थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में उपलब्ध है.




# भारत में हुआ जन्म, फिर छोड़ा देश, अब न्यूजीलैंड ने दिया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2025-26 के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है. इस सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में कई नए चेहरे भी देखने को मिले हैं. इसमें भारतीय मूल के खिलाड़ी आदि अशोक भी शामिल हैं. आदि अशोक न्यूजीलैंड की ओर से अपना इंटरनेशनल डेब्यू कर चुके हैं. उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए अभी तक सिर्फ 3 ही इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं.




इस युवा खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड टीम की ओर से अभी तक दो वनडे और एक टी20 मैच खेला है. आदि अशोक ने दो वनडे मैच में 10 रन बनाए हैं जबकि उन्होंने एक विकेट भी झटका है. टी20 फॉर्मेट की बात की जाए तो इस युवा खिलाड़ी ने एक मैच में 28 के औसत से एक विकेट झटका है.

न्यूजीलैंड ने इस साल के कॉन्ट्रैक्ट में 4 नए प्लेयर्स को शामिल किया गया है. आदि अशोक के अलावा इस सूची में मिच हे, मुहम्मद अब्बास और जक फोल्क्स भी शामिल हैं. इस बार की 20 खिलाड़ियों की सूची में पिछले सीजन के चार कॉन्ट्रैक्ट खिलाड़ी टिम साउदी, ईश सोढ़ी, एजाज पटेल और जोश क्लार्कसन शामिल नहीं हैं.

# कबड्डी वर्ल्ड कप कैंप में हिमाचल प्रदेश की पांच बेटियां

**धर्मशाला, एजेंसी।** भारत में होने वाले महिला कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के अंतिम कैंप में सूबे की पांच खिलाड़ी भाग लेंगी। इसमें कबड्डी खिलाड़ी ज्योति ठाकुर, पुष्पा राणा, भावना, चंपा और साक्षी शामिल हैं। इससे पहले 10 से 30 मई तक आयोजित इंडिया कैंप में सूबे की खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस दौरान उन्होंने कैंप में अन्य खिलाड़ियों के साथ तालमेल के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। इसके बाद टीम का चयन होना था। लेकिन महिला कबड्डी




विश्व कप की तारीख आगे होने के कारण टीम का चयन नहीं हुआ था। पहले बिहार में 1 से 10 जून तक विश्व कप की तिथि प्रस्तावित थी। अब जब विश्व कप की तिथि घोषित होगी उसके बाद भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि अब विश्व कप जुलाई में शुरू हो सकता है। इसके लिए जून के अंतिम सप्ताह में भारतीय महिला टीम का चयन भी किया जाएगा। इसके कुछ दिन पहले भारतीय कबड्डी संघ की ओर से इंडिया कैंप का आयोजन कर टीम का चयन किया जाएगा। इससे पहले भी एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भी सूबे की चार खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं। उन्होंने देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया था। साई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मशाला की कबड्डी कोच पूजा ठाकुर ने कहा कि भारत में होने वाले कबड्डी विश्व कप में सूबे की चार से पांच खिलाड़ी भारतीय टीम में खेल सकती हैं। अब फाइनल इंडिया कैंप में भी पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, भावना, चंबा और साक्षी भाग लेंगी।

राष्ट्रीय सब जूनियर कोर्फबाल के लिए 20

# आखिरी गेंद पर बल्लेबाज हो गया रनआउट

## फिर भी जीत गई टीम, हुआ करिश्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 2023-27 के शानदार मैच में नेपाल ने स्कॉटलैंड को 1 विकेट से हराया. इस मैच में नेपाल की ओर से बेहतरीन खिलाड़ी करण के.सी. ने धमाकेदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. करण के.सी. ने सिर्फ बल्ले से ही नहीं बल्कि गेंदबाजी से भी फैंस का दिल जीत लिया. वहीं मैच की आखिरी गेंद पर कुछ ऐसा हुआ जिसको देख सभी फैंस हैरान रह गए.




### करण के.सी. ने की बेहतरीन गेंदबाजी

इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 296 रन बनाए. टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज चार्ली टीयर ने 80 रन की पारी खेली जबकि फिनले मैक्रेथ ने 55 रन का योगदान दिया. चार्ली टीयर ने अपनी 80 रन की पारी के दौरान 12 चौके और एक छक्का जड़ा. कप्तान रिची बैरिंगटन ने 40 रन बनाए. नेपाल की ओर से करण के.सी. ने घातक गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 43 रन देकर दो विकेट हासिल किए. उन्होंने इस मैच में स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बैरिंगटन को आउट किया जबकि चार्ली टीयर को भी नेपाल के गेंदबाज ने वापस पवेलियन की राह दिखाई.

### आखिरी गेंद पर नेपाल ने जीता मैच

बता दें कि, आखिरी गेंद पर नेपाल को 1 रन की जरूरत थी. स्कॉटलैंड के स्पिनर मार्क वॉट ने वाइड गेंद फेंकी जिसपर नेपाल का बल्लेबाज रनआउट तो हो गए लेकिन अंपायर का फैसला देखने के बाद नेपाल टीम उत्साहित हो गई. अंपायर ने वाइड का फैसला दिया और नेपाल ने मुकाबले को 1 विकेट से जीता क्यूंकि उन्हें 1 रन की ही जरूरत थी जो उन्हें वाइड से मिल गया.

### करण के.सी. ने बल्ले से भी दिखाया कमाल

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल टीम ने एक समय 192 रन पर 7 विकेट खो दिए थे. हालांकि, करण के.सी. ने गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी कमाल दिखाया और अपनी टीम के लिए 41 गेंद पर 3 चौके और 4 छक्कों की मदद से 65* रन की बहुमूल्य पारी खेली. करण के.सी. ने पहले गुलशन झा के साथ आठवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की. गुलशन झा ने इस मैच में 42 रन का योगदान दिया. इसके अलावा उन्होंने संदीप लामिछाने के साथ मिलकर 9वें विकेट के लिए 38 रन जोड़े. करण ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए फैंस का दिल जीत लिया. नेपाल की ओर से कुशल भूर्तल ने 53 रन की पारी खेली जबकि कप्तान रोहित पौडेल ने 37 रन बनाए.

# वैभव सूर्यवंशी को मिलेगा आईपीएल का बड़ा अवॉर्ड?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का अब अंत होने जा रहा है. इस सीजन में कई युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. हालांकि, बिहार के 14 साल के सनसनीखेज बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा, वह इस बार सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहे. राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले वैभव अब आईपीएल 2025 के जमकर रन बनाए. वह बड़े-बड़े गेंदबाजों पर भारी पड़े. अब वह आईपीएल का एक बड़ा अवॉर्ड जीतने की रेस में भी हैं.

बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर गांव में 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है. सिर्फ 14 साल की उम्र में, वैभव ने न केवल आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने का रिकॉर्ड बनाया, बल्कि टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. 19 अप्रैल 2025 को, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 14 साल और 23 दिन की उम्र में डेब्यू करते हुए, वैभव ने पहली ही गेंद पर छक्का




जड़कर अपनी आक्रामक शैली का परिचय दिया.

इसके बाद, 28 अप्रैल 2025 को गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव ने 38 गेंदों में 101 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 11 छक्के और 7 चौके शामिल थे. यह शतक केवल 35 गेंदों में आया, जो आईपीएल में क्रिस गेल के 30 गेंदों के शतक के बाद दूसरा सबसे तेज शतक है और किसी भारतीय की ओर से सबसे तेज शतक है. इस पारी ने वैभव को रातोंरात स्टार बना दिया और सोशल मीडिया पर उनकी तारीफों के पुल बांधे गए. वह अब आईपीएल का इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड जीतने के सबसे बड़े दावेदारों में से एक हैं.

### किसे दिया जाता है इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड?

आईपीएल का इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड उन युवा खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिनका जन्म 1 अप्रैल 1999 या उसके बाद हुआ हो, 5 टेस्ट या 20 वनडे से ज्यादा न खेले हों, सीजन शुरू होने से पहले 25 से कम आईपीएल मैच खेले हों और पहले यह अवॉर्ड न जीता हो. वैभव इन सभी मानदंडों पर खरे उतरते हैं. इस सीजन में उन्होंने 7 पारियों में 252 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है, और उनका स्ट्राइक रेट 206.55 रहा. हालांकि, इस अवॉर्ड की रेस में एक बड़ा नाम साई सुदर्शन का भी है. उन्होंने इस सीजन 15 मैचों में 759 रन बनाए हैं और वह ऑरेंज कैप जीतने की रेस में भी सबसे आगे हैं.

# केन विलियमसन ने फिर से ठुकराया केंद्रीय अनुबंध, पहले भी कर चुके हैं ऐसा

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध ठुकरा दिया है और संभवतः अगले महीने जिम्बाब्वे के दो टेस्ट मैचों के लिए ब्लैक कैप्स के दौरे से चूक जाएंगे। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करने का फैसला किया था, ताकि वे टी20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र रह सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक आकस्मिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूजीलैंड के 13 टेस्ट मैचों में से 9 में खेले जिसमें उन्होंने 1,000 से अधिक रन बनाए।



विलियमसन मंगलवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में अनुपस्थित थे। डेवोन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन भी थे जो विदेशों में टी20 लीग में खेल रहे हैं। उनसे फिर से एक आकस्मिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास और जैक फाउलकेस, विकेटकीपर मिच हे और स्पिनर आदि अशोक को पहली बार अनुबंधित किया गया है। टिम साउथी, जो रिटायर हो चुके हैं, ईश सोढ़ी, एजाज पटेल और जोश क्लार्कसन की अनुपस्थिति में ऐसा पहली बार हुआ है।

विलियमसन वर्तमान में इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप और टी20 ब्लास्ट में मिडिलसेक्स के लिए और द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के लिए खेल रहे हैं। जुलाई के अंत और अगस्त की शुरुआत में न्यूजीलैंड के जिम्बाब्वे से खेलने के दौरान उनके काउंटी प्रतिबद्धताओं की उम्मीद है।

नॉर्वे चेस

# अर्जुन को हराकर नंबर-2 पर आए गुकेश

## टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत, पिछले मैच में वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को हराया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने 7वें दौरे में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराया। 19 साल के गुकेश ने अर्जुन को पहली बार क्लासिकल चेज में हराया है।

गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले राउंड में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मिली इस जीत से गुकेश ने एरिगैसी से दूसरे राउंड में मिली हार का बदला चुकता भी किया। पिछले चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़ा गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं। उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर टॉप पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और वर्ल्ड नंबर-2 के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।




इंडोनेशिया ओपन

# पीवी सिंधु ने नोजोमी ओकुहारा को हराया, लक्ष्य सेन बाहर

**जकार्ता, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं, लक्ष्य सेन मंगलवार को पहले दौर के कड़े मुकाबले में हारकर बाहर हो गए। सिंधु ने एक घंटे 19 मिनट तक चले महिला सिंगल्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को 22-20, 21-23, 21-15 से मात दी। पीवी सिंधु और नोजोमी ओकुहारा के बीच कड़ी टक्कर हुई। इस दौरान कई गेम और मैच प्वाइंट शामिल थे। शुरुआती गेम में भारतीय शटलर ने दमखम दिखाया। सिंधु ने एक गेम प्वाइंट बचाया और आक्रामक शॉट लगाकर 22-20 से मैच अपने नाम किया। दूसरे गेम में सिंधु ने शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन इंटरवल तक वह 7-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी की और



पावरफुल क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच प्वाइंट जुटाए, लेकिन बार-बार की गई सिंधु की गलतियों ने ओकुहारा को 20-20 से बराबरी पर ला दिया और जापानी शटलर ने आखिरकार गेम 23-21 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने गैर-जरूरी जोखिम से बचते हुए सतर्क रुख अपनाया। सिंधु ब्रेक के समय 11-9 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने अपनी लय हासिल की, लगातार जीत हासिल करते हुए 20-12 से आगे निकल गईं। उन्होंने आठ मैच प्वाइंट जुटाए और पांचवें को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित करते हुए राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। मैच के बाद सिंधु ने 14 साल में ओकुहारा के साथ अपने पिछले मुकाबलों को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 14 साल, 20 मैच। मेरे सबसे लंबे से लेकर सबसे छोटे वर्ल्ड चैंपियनशिप फाइनल तक, हमेशा उनके साथ। हमने जीत, हार और एक प्रतिद्वंद्विता साझा की है, जिसे केवल हम ही समझते हैं। लड़ते रहो, नोजोमी। आपके बिना कोर्ट कभी भी वैसा नहीं रहता। इस बीच वर्ल्ड चैंपियनशिप-2021 के सिल्वर मेडलिस्ट लक्ष्य सेन ने चीन के विश्व नंबर 1 शि यू क्यू के खिलाफ अच्छा मुकाबला खेला, लेकिन आखिरकार एक घंटे और पांच मिनट तक चले पहले दौर के पुरुष सिंगल्स मैच में 11-21, 22-20, 15-21 से हार गए। 23 वर्षीय शटलर ने पीठ की चोट से उबरकर मजबूत वापसी की। इस चोट ने उन्हें पिछले हफ्ते मलेशिया हुए टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। सेन ने दूसरे गेम में 17-11 से पिछड़ने के बाद वापसी की। एक मैच प्वाइंट बचाया और गेम को 22-20 से निर्णायक बना दिया, लेकिन सेन की यह लय बरकरार नहीं रही और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी शि यू की ने तीसरे गेम में कंट्रोल हासिल करते हुए मैच को अपने नाम कर लिया।



पैपराजी के इस सवाल को सुन

## चौंक गईं बिग बॉस फेम एक्ट्रेस माहिरा शर्मा

अभिनेत्री माहिरा शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पैपराजी उनसे कुछ पूछ रहे हैं, उनके सवालों को सुन चौंकती दिख रही हैं अभिनेत्री। वहीं, इस पोस्ट पर नेटिजंस की भी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और लोग उन्हें सीख दे रहे हैं। आइए जानते हैं क्या हुआ ऐसा।

### किस सवाल पर चौंकी माहिरा शर्मा?

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेत्री माहिरा शर्मा को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ब्लैक जींस के साथ ग्रे कलर की टॉप में बेहद सादे और खूबसूरत अंदाज में दिख रही हैं। वायरल वीडियो में पैपराजी एक्ट्रेस से मराठी भाषा में सामने देखने के लिए कहते हैं, जिसे ना समझ पाने के कारण अभिनेत्री चौंक जाती हैं और उन्हें शर्माते हुए भी देखा जाता है। ये रिएक्शन देख पैपराजी पूछते हैं कि आपको मराठी नहीं आती, तो इसके जवाब में माहिरा शर्मा कहती हैं कि आती है।

### नेटिजंस ने दी प्रतिक्रियाएं

अभिनेत्री के इस वीडियो के वायरल होने पर नेटिजंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया कि अरे यार। दूसरे यूजर ने लिखा, सीख लो मराठी। वहीं, अन्य यूजर ये वीडियो देख हंस रहे हैं। इसके अलावा कुछ यूजर्स उनके लुक की तारीफ भी कर रहे हैं।

### माहिरा शर्मा के बारे में

माहिरा शर्मा को 'बिग बॉस 13' में बतौर प्रतियोगी के रूप में खास पहचान मिली। हालांकि, इससे पहले वह कई टीवी शो का हिस्सा रह चुकी हैं। अभिनेत्री तारक मेहता का उल्टा चश्मा, नागिन 3, कुंडली भाग्य, बेपनाह प्यार, जैसे चर्चित धारावाहिकों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है। इतना ही नहीं अभिनेत्री का नाम भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज के साथ भी जोड़ा गया था। हालांकि, इन्हें अफवाह कहा गया था।

## क्रिमिनल जस्टिस: ए फैमिली मैटर में खुशी भारद्वाज एस्परगर सिंड्रोम से पीड़ित इरा की चुनौतीपूर्ण भूमिका में



अप्लॉज एंटरटेनमेंट और डिज्नी+ हॉटस्टार की बहुप्रतीक्षित सीरीज क्रिमिनल जस्टिस के चौथे सीजन, जिसका शीर्षक क्रिमिनल जस्टिस: ए फैमिली मैटर है, के प्रीमियर के बाद से ही दर्शकों में खासी चर्चा है। इस सीजन में युवा अभिनेत्री खुशी भारद्वाज ने अपने अभिनय से सभी का ध्यान खींचा है। खुशी ने इरा की एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है, जो सुरवीन चावला और मोहम्मद जीशान अय्यूब द्वारा अभिनीत किरदारों की बेटी है, और एक हाई-प्रोफाइल हत्या के रहस्य में प्रमुख संदिग्धों में से एक है। इरा के किरदार की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि वह एस्परगर सिंड्रोम से जूझ रही है। इस जटिल किरदार को निभाने और अपने ऑडिशन के बारे में बात करते हुए खुशी भारद्वाज ने कहा, ईमानदारी से कहूँ तो, इस किरदार को निभाना एक सपने जैसा लगा, ऐसी सफल फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना अविश्वसनीय था। इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक के साथ काम करना सम्मान की बात थी। एस्परगर सिंड्रोम से पीड़ित किरदार को चित्रित करने की चुनौती पर उन्होंने कहा कि वे शुरू में इस भूमिका के लिए ऑडिशन देने को लेकर थोड़ी अनिश्चित थीं, खासकर जब उनकी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएँ उसी समय हो रही थीं। खुशी ने इस किरदार को प्रामाणिक रूप से निभाने के लिए गहन शोध किया।



## नई फिल्म की तैयारी में लगे सोनू सूद

**अभिनेता** सोनू सूद हाल ही में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पहुंचे हैं। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में बताया है। इससे पहले सोनू सूद को मिस वर्ल्ड के इवेंट में सम्मानित किया गया था। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने सोमवार सुबह तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर भारत में सबसे अधिक देखे जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद एएनआई से बात करते हुए फतेह अभिनेता ने अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में जानकारी दी।

### अगली फिल्म में नजर आएंगे सोनू सूद

सोनू सूद ने मीडिया से कहा आज से 25 साल पहले मैं यहां आया था। आज, मैं अपने परिवार के साथ यहां आया हूं। मैं दुनिया में सभी के लिए खुशी, शांति और तरक्की की प्रार्थना करता हूं। हम एक नई फिल्म नंदी शुरू कर रहे हैं। इसमें मैं अभिनय और निर्देशन दोनों कर रहा हूं। यह जल्द ही शुरू होगी।

ताज से जज तक का सफर

## मानुषी की मिस वर्ल्ड स्टेज पर भावनात्मक वापसी



मिस वर्ल्ड 2017 का ताज जीतने वाली मानुषी छिल्लर ने 31 मई 2025 को हैदराबाद में संपन्न हुई 72वीं मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता में एक जज के रूप में भावनात्मक वापसी की। यह उनके लिए एक फुल सर्कल मोमेंट था, क्योंकि जिस मंच ने उन्हें वैश्विक पहचान दी थी, अब उसी मंच पर वह विजेताओं को चुनने वाले प्रतिष्ठित पैनल का हिस्सा थीं। एक प्रतियोगी से जज बनने तक का प्रेरणादायी सफर:


मानुषी छिल्लर के लिए यह वापसी बेहद खास और भावनात्मक थी। उन्होंने 2017 में चीन में मिस वर्ल्ड का ताज जीता था, और अब, कुछ साल बाद, वह उसी पैनल के विपरीत पक्ष में बैठी थीं जिसने कभी उनके भाग्य का फैसला किया था। मानुषी ने इंस्टाग्राम पर इस अनुभव को सम्मानित बताया। यह भूमिका न केवल उनकी पेशेवर पहचान को दर्शाती है, बल्कि एक प्रतियोगी से एक सफल अभिनेत्री और सार्वजनिक व्यक्ति बनने तक के उनके प्रेरणादायी सफर का भी प्रमाण है। जिस ताज ने कभी उनकी जिंदगी बदल दी थी, उसी ताज को किसी और युवती के सिर पर सजा देखना और उस निर्णय में भागीदार होना, उनके लिए एक गहरा भावनात्मक अनुभव था। भारत में आयोजित प्रतियोगिता में एक जज के रूप में मानुषी की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। यह दर्शाता है कि पूर्व मिस वर्ल्ड विजेता किस प्रकार संगठन के महिलाओं को सशक्त बनाने और वैश्विक मंच पर उपलब्धियों का उत्सव मनाने के मिशन में अब भी सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। यह उनके व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के साथ-साथ मिस वर्ल्ड संगठन के मूल्यों के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## यंग फिट इंडिया आइकॉन नियुक्त होने पर शरवरी वाघ बोलीं, 'मुझे गर्व है'



**अभिनेत्री** शरवरी वाघ को युवा मामले और खेल मंत्रालय ने यंग फिट इंडिया आइकॉन के तौर पर नियुक्त किया है। इसके लिए अभिनेत्री ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, मुझे इसका हिस्सा बनने पर गर्व है। अभिनेत्री ने बताया कि 'संडे ऑन साइकिल' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट पहल का विस्तार है।

आयोजन के 25वें संस्करण में शरवरी को खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में आधिकारिक रूप से यंग फिट इंडिया आइकॉन के रूप में नियुक्त किया गया। यंग फिट इंडिया आइकॉन के रूप में नियुक्त किए जाने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, शरवरी ने कहा, युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने यंग फिट इंडिया आइकॉन के तौर पर नियुक्त किया है, जो मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, इस अद्भुत पहल संडे ऑन साइकिल का हिस्सा बनना रोमांचक है, जो साइकिल चलाने के जरिए फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता है। यह प्रधानमंत्री मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट पहल का एक विस्तार है और मुझे इसमें भाग लेने और अपना योगदान देने पर गर्व है। बता दें, राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



मैं नर्वस होता था...

## विराट कोहली ने शादी के 8 साल अनुष्का शर्मा को बताया

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा कपल गोल्स को पूरा करने में कभी असफल नहीं होते. चाहे स्प्रीचुअसल जर्नी हो या वेकेशन्स, फैंस को उनकी बॉन्डिंग बहुत पसंद है और वे हमेशा ही दोनों पर नजरें रखते हैं. यह तो बताने की जरूरत ही नहीं कि वे एक-दूसरे के सबसे बड़े चीयरलीडर भी हैं. वे तब से डेटिंग कर रहे थे जब वे एक शैम्पू ब्रांड के विज्ञापन की शूटिंग के दौरान एक-दूसरे से मिले थे. तब से, उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. हालांकि, एक नए वीडियो में, विराट ने उल्लेख किया है कि जब उन्होंने अनुष्का को डेट करना शुरू किया तो वे काफी नर्वस थे.

### इंटरनेट पर छा गए विरुष्का

एक नए वीडियो में दोनों को छुट्टियों का आनंद लेते देखा जा सकता है, जो कि पर्यटन के लिए एक विज्ञापन है. वीडियो में कपल को रोमांटिक होते हुए पूल साइड के नजारे का आनंद लेते देखा जा सकता है. अनुष्का विराट को यह कहकर चिढ़ाती हैं, 'मेरा नजारा खूबसूरत है.'

### एड में फिर मिला दोनों को कपल गोल को पूरा करने का मौका

दुबई के बीच पर पैरामाइडिंग करके चीजों को एक पायदान ऊपर ले जाने का फैसला करने से पहले उनका रोमांच एक शानदार लंच के साथ जारी रहता है. फिर दोनों समुद्र तट पर एक अचानक डांस सेशन में शामिल होते हैं, जिसमें आसपास के लोग भी शामिल होते हैं. जैसे ही सूरज डूबता है, कपल सितारों के नीचे एक रोमांटिक डेजर्ट डिनर के लिए निकल जाता है. बाद में, कैम्प फायर की रोशनी में, विराट खुद को एक दिल को छू लेने वाली बात कहने से नहीं रोक पाते हैं जिसे अनुष्का प्यार से चीजी कहती हैं. साथ में एक शांत पल के दौरान, उनका ध्यान पास में मौजूद एक दूसरे कपल पर जाता है. एक्साइटमेंट से वे सोचने लगते हैं कि क्या ये दोनों सिर्फ दोस्त हैं या कुछ और. लड़के के व्यवहार को देखते हुए, विराट पूरे कॉन्फिडेंट से कहते हैं कि वे डेटिंग कर रहे हैं और लड़के की स्पष्ट घबराहट की ओर इशारा करते हैं. इसी बीच वे अपने पुराने दिनों को करते हुए शेयर करते हैं कि वो 'वो नर्वस है, मैं भी होता था.'

## फिर थिएटर में अपनी आंखों की मस्ती दिखाएंगी रेखा



**बॉलीवुड** की कई हिट और यादगार फिल्में फिर से थिएटर में रिलीज की जा रही हैं। अब इसी कड़ी में रेखा की ब्लॉकबस्टर फिल्म भी री-रिलीज होने जा रही है। वेटरन एक्ट्रेस रेखा की कल्ट फिल्म 'उमराव जान' अगर आपने अभी तक नहीं देखी है, तो अब आप इसे सिनेमाघरों में बेहतर क्वालिटी में देख सकते हैं। जी हां, सही सुना आपने। 1981 में आई रेखा और फारुख शेख की सुपरहिट फिल्म 'उमराव जान' एक बार फिर सिनेमाघरों में री-रिलीज होने जा रही है। ऐसे में अब एक बार फिर रेखा की आंखों की मस्ती आपको सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी।

27 जून को होगी री-रिलीज मुजफ्फर अली द्वारा निर्देशित बॉलीवुड की कल्ट फिल्म 'उमराव जान' 27 जून को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होने जा रही है। फिल्म को 4k में अच्छे से रीस्टोर किया गया है। ताकि फिल्म की क्वालिटी और प्रिंट बेहतर हो सके।

फिल्म के री-रिलीज का जश्न मनाने के लिए निर्देशक मुजफ्फर अली एक लिमिटेड एडीशन वाली कॉफी टेबल बुक भी लॉन्च कर रहे हैं, जो उमराव जान की मेकिंग के बीटीएस दिखाती है।



## घाटी की नई रिलीज डेट तय

फिल्म मेकर्स ने आज सोशल मीडिया पर फिल्म घाटी का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। जानिए कब देख सकेंगे बहुबली फेम एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी। अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी के साथ बड़े पर्दे पर शानदार वापसी करने जा रही हैं। यह फिल्म कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित है और अब 11 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। पहले इस फिल्म को 18 अप्रैल 2025 में रिलीज किया जा रहा था। निर्माताओं ने नई रिलीज डेट की घोषणा के साथ एक शानदार पोस्टर भी शेयर किया है, जो फिल्म के दमदार अंदाज को दर्शाता है। यह फिल्म पूरे भारत में रिलीज की जाएगी। इस पोस्टर में एक नदी में सभी स्टार्स किसी को सामने घूरते नजर आ रहे हैं, जैसे वह सभी किसी खास मिशन पर गए हों। घाटी में अनुष्का एक साहसी और देहाती किरदार निभा रही हैं, जो एक मारिजुआना व्यापारी है। जो बाद में अपराध की दुनिया में उतरकर एक ताकतवर शख्सियत बन जाती है। फिल्म में बहुबली फेम अनुष्का शेट्टी के अलावा तमिल अभिनेता विक्रम प्रभु भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। यूवी क्रिएशन्स और फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत विद्या सागर ने तैयार किया है।

## सी-सेक्शन डिलीवरी पर Suneil Shetty के बयान से भड़की Gauahar Khan



**बॉलीवुड** के फेमस एक्टर सुनील शेट्टी ) ने बेटी अथिया की डिलीवरी के बाद कहा था कि सी-सेक्शन आसान होता है लेकिन अथिया ने ये रास्ता नहीं चुना और उसने अपनी नॉर्मल डिलीवरी ही करवाई। वहीं अब सुनील शेट्टी के इस बयान पर टीवी की फेमस एक्ट्रेस गौहर खान ने रिएक्ट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस गौहर खान ने हाल ही में अपना यूट्यूब पॉडकास्ट चैनल लॉन्च किया है, जिसमें वह अपनी लाइफ की जर्नी के बारे में बात करती नजर आई। इस दौरान गौहर खान इमोशनल भी हुई और साथ ही सुनील शेट्टी पर भी जमकर निशाना साधा और साथ ही सुनील शेट्टी के बयान को असंवेदनशील बताया। एक्ट्रेस गौहर खान ने अपने इंटरव्यू में सुनील शेट्टी को ताना मारते हुए कहा, मैं अपनी पूरी आवाज में चिल्लाकर कहना चाहती हूं कि आप ऐसे कैसे ये बात कह सकते हैं? कैसे? इस विषय को लेकर बहुत सारे मिथ है कि अगर कोई सी-सेक्शन करवा रहा है तो यह आसान विकल्प है। इतनी गलत जानकारी कैसे हो सकती है? एक मेल सेलेब्रिटी के लिए ऐसा कहना, जो प्रेग्नेंसी से नहीं गुजरा, जिसने बच्चे को जन्म नहीं दिया, उसे नहीं पता कि सी-सेक्शन कितना दर्दनाक होता है।

-साभार-एजेंसी